दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 39 जयपुर, बुधवार, 17 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम:** उद्घाटन सत्र को उपराष्ट्रपति और समापन सत्र में लोकसभा स्पीकर ने किया संबोधित

# पूरी दुनिया के लिए भारत प्रजातांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से आदर्श राष्ट्र: धनखड़

**बेधड़क** | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र भारत की सबसे बड़ी ताकत है। पूरी दुनिया के लिए भारत प्रजातांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से आदर्श राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि सदन में प्रत्येक सदस्य का आचरण अनुकरणीय और मर्यादित होना चाहिए। यदि सदन परिवार की तरह चलेगा तो देश-प्रदेश का हित होगा।

धनखड़ ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में 16वीं विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।



उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे। समापन सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधायकों को संबोधित किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि स्वतंत्रता और प्रजामंडल आंदोलनों में लोकतांत्रिक मूल्यों का बड़ा महत्व रहा है।

उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित सदस्यों को सदन की प्रक्रिया, कार्य संचालन एवं आचरण संबंधी नियमों से अवगत करवाने के लिए यह प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### सदन को चलाने की जिम्मेदारी पक्ष-विपक्ष दोनों की

उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र में विकास रूपी गंगा की शुरुआत विधायिका से होती है। विधायिका का यह दायित्व है कि वह न्यायपालिका और कार्यपालिका को सही दृष्टिकोण में रखकर कार्य करें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विपक्ष का कर्तव्य सरकार के कार्यों की सकारात्मक आलोचना करना होता है, जिसका लाभ सरकार को मिलता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष किसी दल से जुड़े नहीं होते हैं। उनका पहला कर्तव्य है कि वह प्रतिपक्ष का संरक्षण करें। हालांकि कई बार उन्हें कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। यदि वे अपने कर्तव्य पर अडिग रहते हैं तो नतीजे सर्वदा अनुकूल ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी पक्ष-विपक्ष, दोनों की होती है।

**सदन पक्ष-प्रतिपक्ष का नहीं, सबका:** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम से संसदीय पद्धति, प्रक्रिया, कार्य संचालन के नियम, अभिसमय, शिष्टाचार और परंपराओं से जुड़े विभिन्न आयामों को समझने का सुअवसर मिला है। इससे लोकतांत्रिक ढांचे में विधानमंडलों की संवैधानिक भूमिका और स्थिति की बेहतर समझ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रबोधन कार्यक्रम के विचारों को अपनाकर हम विधायक के रूप में अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन कर सकेंगे।

### जनता के भरोसे पर खरे उतरें विधायक



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायकों को बहुत उम्मीद के साथ चुनकर भेजा है, विधायक जनता के भरोसे पर पूरी तरह से खरा उतरें। बिरला ने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र तक नहीं सिमटे, पूरे राज्य के मुद्दे उठाएं। उन्होंने कहा विधायक और सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र तक सीमित हो रहे हैं, जबकि विधायकों को पूरे राज्य के मुद्दों और समस्याओं को उठाना चाहिए। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन राज्य हित के मुद्दे जरूर उठाने चाहिए। बिरला ने कहा कि हमारे कई महान नेताओं ने इस विधानसभा की परंपराओं को बनाए रखा। मोहनलाल सुखाड़िया, हरिदेव जोशी, भैरोंसिंह शेखावत सहित कई नेताओं ने समृद्ध परंपराओं को बरकरार रखा। समय-समय पर यहां पर नए इनोवेशन करके और विधानसभा की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का काम किया।

## जरूरी खबर

### अग्निवीर वायु भर्ती के लिए पंजीकरण आज से आरंभ



**जयपुर।** भारतीय वायुसेना मे अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती लिए ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी से आरंभ होगा। इच्छुक अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट www.agnipathvayu.cdac.in से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी 2024 रात 11 बजे तक www.agnipath-vayu.cdac.in पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 (दोनों दिनांक सहित) के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे।

### CM पहुंचे दिल्ली केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से करेंगे मुलाकात

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार शाम को दिल्ली पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रदेश में कोयले की किल्लत से बिजली की समस्या को दूर करने को लेकर मुख्यमंत्री दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से चर्चा करेंगे। इस दौरान ऊर्जा विभाग के अधिकारी भी रहेंगे। सूत्रों की माने तो प्रदेश के अधिकांश पावर प्लांट्स में मात्र एक से दो दिन का ही कोयला बचा हुआ है।

**जल जीवन मिशन घोटाला केस में फिर एक्शन**


# पूर्व मंत्री महेश जोशी के ठिकानों पर ED की रेड

**सुबह 5:30 बजे जयपुर और बांसवाड़ा समेत प्रदेश के कई जिलों में की गई छापे की कार्रवाई**

**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन घोटाले केस में ईडी ने मंगलवार को पूर्व मंत्री महेश जोशी और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। जयपुर, दिल्ली और गुजरात की 10 टीमों ने मंगलवार सुबह 5 बजे जयपुर, बांसवाड़ा समेत कई जिलों में स्थित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई 15 घंटे चली। छापेमारी में महेश जोशी के 2 घर, जलदाय विभाग के 2 ठेकेदारों और 2 अधिकारियों के ठिकाने शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ईडी टीम ने महेश जोशी और उनकी पत्नी व बहू से कुछ फाइलों को लेकर पूछताछ की है। जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर पिछले 6 महीने से ईडी जांच कर रही है।

जांच एजेंसी जोशी को ईडी मुख्यालय आने के लिए नोटिस भी दे सकती है। इसके बाद आगे की पूछताछ दिल्ली या जयपुर में होगी। इधर, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने महेश जोशी पर 2000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है। इससे पूर्व तीन गाड़ियों में ईडी की टीम सुबह 5:30 बजे महेश जोशी के रेलवे स्टेशन स्थित घर पर पहुंची। यह मकान निर्माणाधीन है। हालांकि, महेश जोशी और उनका परिवार फर्स्ट फ्लोर पर रह रहा है। ईडी के अधिकारियों ने फर्स्ट फ्लोर पर ही महेश जोशी, उनकी पत्नी और बहू से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि ईडी के पास में कई अहम दस्तावेज हैं। ईडी के पास कुछ वाउचर हैं, जिन पर साइन कर करोड़ों रुपए का भुगतान उठाया गया है। ये वाउचर जोशी या जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों के सिग्नेचर के बाद ही क्लियर हुए हैं, चौमूं में भोजलावा रोड स्थित लक्ष्मी विहार कॉलोनी के एक घर में ईडी की टीम कार्रवाई की है।



### केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से फैलाया जा रहा है डर: जोशी

ईडी की कार्रवाई को पूर्व मंत्री महेश जोशी ने विद्वेषपूर्ण बताते हुए कहा कि राजस्थान में फिर राजनीतिक दुर्भावना से ईडी का दुरुपयोग हो रहा है। सरकार बदल गई, कोई नया डेवलवमेंट नहीं हुआ है। बार बार जल जीवन मिशन में गड़बड़ी की बात करते हैं। जोशी ने कहा कि ईडी को भेजना राजनीतिक प्रतिशोध है। मुझे ईडी से कोई शिकायत नहीं, उनका स्वागत है, लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से डर फैलाया जा रहा है।


### महेश जोशी ने किया 2000 करोड़ रुपए का घोटाला: डॉ. किरोड़ी

ईडी की कार्रवाई के बीच डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने महेश जोशी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भजनलाल सरकार के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने महेश जोशी के घर पड़े छापमारी को लेकर कहा कि उन्होंने सीबीआई छापेमारी की मांग की थी। इसके बाद यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने महेश जोशी पर 2000 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है।

**एसई के घर भी पहुंची टीम:** ईडी टीम अजमेर पीएचईडी के एसई (अधीक्षण अभियंता) परितोष गुप्ता के जयपुर आवास पर भी पहुंची। यहां टीम को भारी मात्रा में नकदी मिली है। परितोष गुप्ता सुबह 7 बजे ही जयपुर से अजमेर निकल गए थे। ईडी जब उनके घर पहुंची तो परितोष गुप्ता जयपुर लौटे। ईडी अधिकारी उनसे पूछताछ की। हालांकि, पूछताछ में क्या सामने आया अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है।

**बांसवाड़ा में ठेकेदार के घर पर रेड:** बांसवाड़ा में जल जीवन मिशन के ठेकेदार जगदीश प्रसाद अग्रवाल के घर पर सुबह 5 बजे ईडी ने छापा मारा। ईडी घर का दरवाजा बंद कर तलाशी की। करीब 10:30 घंटे जांच के बाद ईडी की टीम बांसवाड़ा से लौट गई।

### 300 ड्रोन से बनाईं मनमोहक आकृतियां



*जयपुर। राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेश में पहली बार साइबर सुरक्षा पर बुधवार से राजधानी में दो दिवसीय साइबर हैकाथॉन 1.0 प्रोग्राम किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में साइबर एक्सपर्ट और पुलिस अफसर शिरकत करेंगे। इससे पहले पुलिस अकादमी में पहली बार ड्रोन शो में 300 से ज्यादा अलग-अलग आकृतियां बनाई गई।*

■ पेज 3 भी देखें

फोटो: राजेश कुमावत

**कांग्रेस लाई जाट-दलित कॉम्बिनेशन फॉर्मूला**

# टीकाराम जूली होंगे नेता प्रतिपक्ष डोटासरा बने रहेंगे प्रदेशाध्यक्ष

■ **दलित को नेता प्रतिपक्ष बनाकर कांग्रेस का बड़े वोट बैंक को साधने का प्रयास**

**बेधड़क** | जयपुर

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा कर दी। अलवर ग्रामीण से तीसरी बार विधायक बने व पूर्व मंत्री टीकाराम जूली को पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष बनाया है। प्रदेश कांग्रेस में जाट-दलित कॉम्बिनेशन का फॉर्मूला अपनाते हुए कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष के लिए जूली के नाम पर मुहर लगाई है। वहीं, गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने रहेंगे। जूली इस पद पर पहुंचने वाले पहले दलित नेता हैं। राजस्थान विधानसभा के इतिहास में पहली बार दलित चेहरे को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। अब तक कांग्रेस-बीजेपी किसी ने दलित को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया था। टीकाराम जूली अलवर ग्रामीण से तीसरी बार विधायक बने हैं। गहलोत सरकार में वे पहले राज्य मंत्री थे, इसके बाद उन्हें प्रमोट करके कैबिनेट मंत्री बनाया गया था।



**भंवर जितेंद्र सिंह के नजदीकी:** कांग्रेस ने इस बार जाट दलित कॉम्बिनेशन का फॉर्मूला अपनाया है। पहली बार दलित नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाकर कांग्रेस ने बड़े वोट बैंक को साधने का प्रयास किया है। जाट चेहरे के तौर पर डोटासरा को प्रदेशाध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया है। जूली भंवर जितेंद्र सिंह के नजदीकी माने जाते हैं। उन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाने में जितेंद्र सिंह का बड़ा रोल माना जा रहा है।

**जनता की आवाज उठाएंगे:** नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद टीकाराम जूली को बधाई देने वालों का तांता लग गया। उनके पैतृक गांव में आतिशबाजी कर तथा मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। जूली ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे जनता की आवाज को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाएंगे। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर सरकार को घेरेंगे।

**मुख्यमंत्री की सलाहकार टीम का गठन**

# प्रदेश की भजनलाल सरकार का थिंक टैंक बनेंगे भाजपा के तीन दिग्गज

- बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने बनाई भजन सरकार के सहयोग के लिए विशेष टीम
- टीम में राजेंद्र राठौड़, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभुलाल सैनी और राव राजेंद्र सिंह को किया शामिल
- सीनियर नेताओं के साथ एक-एक रिटायर्ड IAS और IPS को भी जोड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा आलाकमान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सलाह-मशविरा प्रदान करने के लिए वरिष्ठ नेताओं की एक विशेष टीम बनाई है। ये सलाहकार सरकार का थिंक टैंक बनेंगे। एक-एक सेवानिवृत्त आईएएस और आईपीएस को भी इनके साथ जोड़ा गया है।

गौरतलब है कि इस टीम में शामिल राजेंद्र सिंह राठौड़ और प्रभुलाल सैनी विधानसभा चुनाव हार चुके हैं, जबकि राव राजेंद्र सिंह को पार्टी ने टिकट ही नहीं दिया था। जल्द ही इस विशेष टीम की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन मंत्री बीएल संतोष के साथ दिल्ली में बैठक भी होनी है। अब तक सरकारों में मुख्यमंत्रियों के सलाहकार नियुक्त होते रहे लेकिन अब पहली बार मुख्यमंत्री से अलग एक सलाहकार टीम तैयार की गई। मकसद एक ऐसी सरकार स्थापित करना है जिससे स्पष्ट रूप से यह महसूस हो कि यह मुद्दों पर चलने वाली सरकार है। यहां किसी व्यक्ति के बजाय मुद्दों को महत्व दिया जाता है। राजनीतिक जानकारों की माने तो सलाहकार टीम बनाने के बाद राज्य सरकार में केंद्र का दखल और बढ़ जाएगा।



### बहुत ही अनुभवी हैं तीनों वरिष्ठ नेता

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बनाई गई इस विशेष टीम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभुलाल सैनी और राव राजेंद्र सिंह को शामिल किया गया है। राजेंद्र राठौड़ इस बार चुनाव हार गए, लेकिन इससे पहले वे लगातार 7 बार विधायक चुने गए। भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के कार्यकाल में मंत्री भी रहे। प्रभुलाल सैनी राजे सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे, उनके पास कृषि विभाग था जबकि राव राजेंद्र सिंह आर्थिक मामलों में जानकार हैं। वे विधानसभा के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। इन तीनों सीनियर नेताओं के साथ पार्टी ने एक-एक रिटायर्ड आईएएस और आईपीएस भी साथ जोड़ा है।

### चुनाव हारने के बावजूद बड़ी जिम्मेदारी

राजेंद्र राठौड़ पार्टी के सीनियर नेता हैं, विधानसभा चुनाव हार के बावजूद आलाकमान जानता है कि वे बेहतर रणनीतिकार हैं। राठौड़ और सैनी को सलाहकार टीम में शामिल करने की वजह भी यही है। राव राजेंद्र सिंह वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे और 2023 के चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, अलबत्ता पार्टी उनका महत्व समझती है। बहरहाल, लोकसभा चुनाव के आलोक में देखा जाए तोभाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का यह फैसला दूरदर्शी और फायदेमंद साबित हो सकता है। वहीं, इन नेताओं के अनुभव पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता।

## जरूरी खबर

### नहर के गणपति को आज लगाएंगे पौषबड़े का भोग



**जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित नहर के गणेश मंदिर में बुधवार को पौषबड़ा महोत्सव आयोजित होगा। इसमें प्रथम पूज्य को पौष बड़े व हलवे का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। महंत जय शर्मा व युवाचार्य मानव शर्मा ने बताया कि शाम 5 बजे से दोना प्रसादी वितरित होगी। इस दौरान भजन संध्या भी होगी, जिसमें कलाकार भजनों से प्रथम पूज्य की मनुहार करेंगे। इस मौके भगवान गणेश का ऋतुपुष्पों से मनोहारी श्रृंगार व झांकी सजाई जाएगी।

### शिक्षक संघ का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 से

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 और 20 जनवरी को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कोटा में आयोजित होगा। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश कुमार मीणा ने बताया किसम्मेलन में राजस्थान के विभिन्न जिलों से लगभग 2 हजार शिक्षक भाग लेंगे। प्रदेश मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि दो दिनों तक शिक्षक खुले मंच में शिक्षा, शिक्षार्थी और शिक्षकों की समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श करेंगे व प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को प्रेषित करेंगे।

### आमजन के मामलों का निस्तारण तय समय सीमा में करें



**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जेडीसी ने संपर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणो को गुणात्मक रूप से 30 दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही 60 दिन से पुराने प्रकरणों को आगामी बैठक से पूर्व निस्तारित कर पेंडेंसी शून्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइट्स प्रकरणों का निस्तारण करने और इससे संबंधित प्रकरणों को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ओआईसीज को कोर्ट कैसेज से संबंधित प्रकरणों में तथ्यात्मक रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए, जिससे हर स्टेज पर प्रभावी मॉनिटरिंग संभव हो सकें।

---

**नवनिर्वाचित भजनलाल सरकार पहला बजट करेगी पेश, कैबिनेट की बैठक कल**

# 16वीं विधानसभा का पहला सत्र 19 से, मिश्र करेंगे शुरुआत

बेधड़क | जयपुर

जयपुर। 16वीं विधानसभा का बजट सत्र 19 जनवरी से शुरू होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत होगी। इस सत्र के दौरान ही नवनिर्वाचित सरकार का पहला बजट भी पेश किया जाएगा। साथ ही कुछ बिल भी इस सत्र के दौरान पेश किए जाएंगे।

भाजपा ने जो घोषणा पत्र तैयार किया है। इसमें शामिल कुछ घोषणाओं को सत्र के दौरान घोषित किया जा सकता है। सरकार ने इसे सरकारी दस्तावेज बनाने की भी घोषणा की है। चार से पांच दिन चलने



वाली बैठकों में अभिभाषण पर चर्चा और अंतिम दिन दो से तीन बिल पारित कराए जाएंगे। इनमें जीएसटी का बिल भी शामिल बताया जा रहा है। दूसरी ओर, भजनलाल सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक 18 जनवरी को होने जा रही है। बैठक में 19 जनवरी से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी।

### कैबिनेट में हो सकते हैं कई अहम फैसले

18 जनवरी को प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक होगी। बताया जा रहा है कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों से लेकर कई नए जनहित के फैसलें लिए जा सकते हैं। साथ ही पिछली कांग्रेस सरकार के कई फैसलों को पलटा जा सकता है। मंगलवार को दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित वरिष्ठ नेताओं से मुलाक़ात कर सकते हैं। वहीं इन दिनों संगठन में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर की राजस्थान से विदाई हो गई है।

### सत्र हंगामेदार होने की संभावना

भले ही प्रदेश में सरकार गठन को ज्यादा समय नहीं हुआ हो, लेकिन विपक्ष 19 जनवरी से शुरू होने वाले सत्र के दौरान सरकार को घेरेगा। दो दिन के शपथ ग्रहण के लिए हुए सत्र के दौरान ही सांसदों के निलंबन मामले में विपक्ष हंगामा मचा चुका है। इस बार कांग्रेस के 69 विधायक जीतकर सदन में पहुंचे हैं। सभी अनुभवी और वरिष्ठ हैं, ऐसे में भाजपा को भी किसी अनुभवी विधायक को फ्लोर मैनेजमेंट की जिम्मेदारी देनी होगी।

### विभाग 100 दिन की कार्ययोजना में जुटे

सीएम भजन लाल शर्मा ने सभी विभागों के अतिरिक्त व प्रमुख सचिवों को 100 दिन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। इस कार्य योजना के अनुसार भी सरकार आने वाले दिनों में काम करेगी। कार्ययोजना में पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल बिन्दुओं को शामिल किया जाएगा।

---

**पूर्व मंत्री महेश जोशी पर ईडी की कार्रवाई पर राजनीति गरमाई**

# भ्रष्टाचारी यदि पाताल में छिपे होंगे तो भी कार्रवाई करेंगे: शेखावत

■ एक दिन पहले ही सीएम भजनलाल ने सभा में दिया था कार्रवाई का संकेत

बेधड़क | जयपुर

जल जीवन मिशन परियोजना में भ्रष्टाचार होने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी और पूर्व मंत्री महेश जोशी के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के बाद राजनीति गरमा गई है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दो टूक कहा कि जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त होगा, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। मोदी सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति है।

शेखावत ने स्पष्ट कहा कि जिसने गलत नहीं किया है, उसको डरने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, वो पाताल में भी छुपे होंगे तो उनको निकालकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूर्व मंत्री जोशी का नाम लिए बगैर कहा कि केंद्र सरकार की इस बड़ी परियोजना में प्रदेश में भ्रष्टाचार हुए हैं। फर्जी बिल और बिना काम के भी पैसे उठा लिए गए। ऐसे में बिना राजनीतिक शह के कोई भी ठेकेदार ऐसा नहीं कर सकता था। ऐसे में उनका निवेदन है कि जांच एजेंसियां इस मामले में तह तक जाएं और भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करें।



### ईडी की कार्रवाई सही: सीपी जोशी

वहीं, भाजाप प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भी पूर्व मंत्री के आवास पर हुई ईडी कार्रवाई को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर आघात करने आई है। जिसने भी आमजन से जुड़ी योजनाओं में गड़बड़ी की है। सरकार उन्हें छोड़ेगी नहीं। पूर्व सरकार ने जांच एजेंसियों पर दबाव बनाया हुआ था लेकिन अब भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 'जल जीवन मिशन' पर की थी चर्चा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बांसवाड़ा में एक दिन पूर्व ही जल जीवन मिशन योजना में हुए भ्रष्टाचार की बात कही थी। उनके इस बयान के अगले दिन ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जयपुर सहित बांसवाड़ा में ठेकेदार के ऑफिस और घर पर सर्च की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई पूर्व सीएम अशोक गहलोत के मंत्रिमंडल में शामिल रहे। पूर्व मंत्री महेश जोशी घर और ऑफिस के अलावा बांसवाड़ा में कई जगहों पर की गई है। दरअसल बांसवाड़ा में एक सभा के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने आरोप लगाया था कि जल जीवन मिशन योजना के तहत जारी 2500 करोड़ में से पूर्व सरकार मात्र 250 करोड़ रुपए ही खर्च किया हैं और इसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है, जिसको लेकर केंद्र सरकार की और से कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है ईडी राजस्थान में जल जीवन मिशन परियोजना में कथित अनियमितताओं के संबंध में छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम तीसरी तीसरी बार बड़ी छापेमारी कर रही है।



---

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

# भाजपा के सातों मोर्चों की बैठक, जीत का दिया मंत्र




बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद अब प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसी संबंध में मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सभी सात मोर्चों की बैठक बुलाई गई। बैठक में एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान, महिला और युवा मोर्चा शामिल हुए। बैठक में सभी मोर्चा अध्यक्षों को चुनाव के दौरान समाज-वर्गों को साधने का टास्क दिया है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीजेपी ने प्रदेश के 40 प्रमुख नेताओं के साथ शुक्रवार को लोकसभा कार्ययोजना की बैठक की थी। जिसमें प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों को 8 कलस्टर में बांटकर उनके इंचार्ज तय किए थे। इसी प्रकार विगत 13 जनवरी को बीजेपी कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में प्रदेश और जिला इकाइयों को लोकसभा चुनावों को लेकर टास्क दिए गए थे। इसके बाद मंगलवार को बीजेपी ने सातों मोर्चों की बैठक बुलाई।

### पार्टी ने इनकों बनाया है कलस्टर इंचार्ज

प्रदेश में पार्टी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व कैबिनेट मंत्री व उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया और पूर्व प्रदेश पदाधिकारी रहे प्रसन्न चंद मेहता को कलस्टर इंचार्ज बनाया है।

---


**कृषि आयुक्त ने बताए फसल को बचाने के उपाए**

# चेपा के प्रकोप से सरसों की फसल खराब होने की आशंका

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में रबी की सरसों फसल में चेपा का प्रकोप होने से हजारों हेक्टेयर की फसल को नुकसान होने की संभावना है।

प्रदेश के मौसम में इस बार सामान्य से आद्रता होने से चेपा या मोयला के कीट फसल को नुकसान पंहुचा रहे हैं। कृषि विभाग के आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण सरसों की फसलों में चेपा (मोयला) कीट लगने की संभावना जनवरी माह में बढ़ रही है। जब औसत तापमान 10-20 डिग्री सेल्सियस व मौसम में



आद्रता ज्यादा होती है तो चेपा कीट ज्यादा फैलने की संभावना रहती है, जिससे किसानों की फसलों की पैदावार प्रभावित होती है।

उन्होंने बताया कि किसान इन कीटों की रोकथाम के उपाय कर फसलों की पैदावार में होने वाली कमी को रोकें। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर पौधे की मुख्य शाखा की लगभग 10 सेमी की लम्बाई में चेपा की संख्या 20 से 25 तक दिखाई देने पर मेलाथियॉन 5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो प्रति हेक्टेयर में छिड़काव करें।

---

**मौसम विभाग का 7 जिलों में अगले 3 दिन घने कोहरे का अलर्ट**

# माउंट आबू में दूसरे दिन भी पारा माइनस में

### करौली और फतेहपुर में तापमान 3 डिग्री लुढ़का

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सर्दी का असर अभी कम नहीं हुआ है। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा के कारण मंगलवार को हनुमानगढ़, करौली और फतेहपुर (सीकर) में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस के नजदीक रहा। हिल स्टेशन माउंट आबू में मंगलवार को दूसरे दिन भी पारा माइनस में रहा। शेखावाटी में सर्दी से लोगों को थोड़ी राहत मिली। यहां न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। जयपुर मौसम केंद्र ने सीकर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं, भरतपुर और अलवर में 19 जनवरी तक घना कोहरा रहने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

इन जिलों में सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी 200 मीटर से कम रह सकती है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- 19 जनवरी तक राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों में घना कोहरा छाया रह सकता है। इस कारण यहां दिन के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। जबकि शेष जिलों में अगले तीन-चार दिन आसमान साफ रहने की संभावना है। जयपुर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई।

यहां तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह आसमान साफ रहा और धूप निकली। अजमेर, कोटा, बीकानेर और फलोदी में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली। सीकर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 5 पर आ गया। पिलानी में न्यूनतम तापमान 2, जबकि चूरू में 2.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया।

### इन जिलों में रहा कोल्ड-डे

प्रदेश में कई दिनों से जारी शीतलहर और कोहरे के प्रकोप के बीच मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में लगातार कोहरा रहने के कारण यहां फिर से कोल्ड-डे की कंडीशन बन गई। यहां अधिकतम तापमान 13 डिग्री के नजदीक है, जबकि न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस कम होने के कारण यहां दिन में ठिठुरन और गलन भरी सर्दी है।

---

**सफाई कर्मचारियों के फील्ड में नहीं आने पर मंत्री की खरी-खरी**

# सफाई कर्मचारी मूल काम पर नहीं आए तो रुकेगा वेतन: खर्रा

■ स्वच्छता सर्वे में अच्छी रैंक नहीं आने के लिए कर्मचारी से लेकर आयुक्त तक जिम्मेदार

बेधड़क | जयपुर

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्वच्छता सर्वेक्षण में राजस्थान के शहरों की अच्छी रैंक नहीं आने के लिए सफाई कर्मचारी, सफाई निरीक्षक से लेकर आयुक्त तक को जिम्मेदार बताया हैं।

उन्होंने कहा कि शहर सफाई में पिछडा क्योंकि ये सब अपनी जिम्मेदारी अच्छे से नहीं निभा पाए। इसी वजह से राजस्थान के शहरों की स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंक नहीं आई है। हमारी सरकार के गठन के बाद सफाई को और बेहतर कैसे बनाया जाए, इसकी प्लानिंग शुरू कर दी गई है। इसका असर अगले स्वच्छता सर्वेक्षण में नजर आएगा।

वहीं उन्होंने सफाईकर्मी के फील्ड में काम नहीं करने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी सफाई कर्मचारी अपने मूल काम से हटकर अन्य कामों में लगेगा, उसका वेतन रोक दिया जाएगा।



### 31 जनवरी तक का दिया अल्टीमेटम

झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मंत्री बनने के बाद मैने पहला आदेश सफाई को लेकर ही निकाला है। इसके तहत प्रदेशभर में सफाई कर्मचारी अब सिर्फ सफाई का काम ही करेंगे। इसको लेकर स्वायत शासन विभाग ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। क्योंकि प्रदेशभर में लगभग एक तिहाई सफाई कर्मचारियों को सफाई के काम से हटाकर दूसरे कामों में लगा रखा था। ऐसे में अगर 31 जनवरी तक वह सभी लोग अपने मूल काम पर नहीं आए तो अगले महीने से उनका वेतन रोक दिया जाएगा।

### भर्तियों को लेकर करेंगे रिव्यू

झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के वक्त शुरू हुई सफाई कर्मचारियों की भर्ती को भी नए सिरे से शुरू किया जाएगा। सफाई कर्मचारी भर्ती में रिटन एग्जाम और प्रैक्टिकल एग्जाम को लेकर असमंजस की स्थिति थी। ऐसे में 18 जनवरी को सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर फिर से रिव्यू होगा। रिव्यू के बाद ही नए 23 हजार पदों पर किस आधार पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी, इसका फैसला किया जाएगा। इसके साथ ही वाल्मीकि समाज को किस तरह की वरीयता दी जाएगी, इसका फैसला भी इस बैठक में ही किया जाएगा।

---

### सिद्धपुर में नहीं रुकेगी साबरमती-दौलतपुर चौक ट्रेन

**जयपुर।** पश्चिम रेलवे की ओर से सिद्धपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक के उन्नयन एवं विस्तार कार्य के लिए गुरुवार से से 45 दिनों तक तकनीकी कार्य किया जा रहा है। इस कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस कार्य के कारण गाड़ी सं. 19411/19412, साबरमती-दौलतपुर चौक- साबरमती रेलसेवा 17 जनवरी का 45 दिन तक सिद्धपुर स्टेशन पर ठहराव स्थगित किया जा रहा है। इस अवधि में यह रेल सेवा सिद्धपुर स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

## जरूरी खबर

### आरयू में दो साल बाद होगी PAT परीक्षा



**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में दो साल के लम्बे अंतराल के बाद पीएचडी करने वाले शोधार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। ऐसे में इस परीक्षा को क्लियर करने के बाद विभिन्न विषयों के 683 सीटों पर शोधार्थियों को प्रवेश मिलेगा। इसके लिए शोध करने वाले छात्र बुधवार से 29 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं, परीक्षा के लिए पांच फरवरी को प्रवेश पत्र जारी होंगे। परीक्षा 10 फरवरी को आयोजित होगी, जिसका परिणाम 24 फरवरी को आएगा। परीक्षा नए रेगुलेशन 2022 के तहत होगी। इस बार परीक्षा, एकेडमिक स्कोर और इंटरव्यू के आधार पर मेरिट तैयार होगी। वहीं, 12 वीं, यूजी और पीजी, एमफिल, नेट, सेट, जेआरएफ, रिसर्च, राइटप और इंटरव्यू के 45 अंक होंगे।

### पुलिस आयुक्त कल करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ 18 जनवरी को कानोता थाने में जन सुनवाई करेंगे। सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होने वाली जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के डीसीपी, एसएचओ और थाने के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान पुलिस थाना तूंगा, बस्सी, कानोता, खोह नागोरियान, ट्रांसपोर्टनगर, जयपुर (पूर्व) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। इससे पूर्व पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ की ओर से शिप्रा पथ थाने में जनसुनवाई की गई थी।

## बाजारों में वैवाहिक खरीदारी परवान पर, दुकानदार दे रहे हैं शादी का पैकेज

# मलमास के बाद फिर गूंजी शहनाइयां, चमकेगा कारोबार

**बेधड़क** | जयपुर

मलमास खत्म होने के बाद से राजधानी में फिर से विवाह की शहनाई गूंजने लग गई हैं। करीब एक माह के अंतराल के बाद फिर से विवाह की धूम शुरू हो गई है। वहीं, शहर में सड़कों पर बारात निकलने लग जाएंगी।

वहीं, शादी की तैयारियों को लेकर शहर के बाजारों में फिर से कारोबार में उछाल आएगा। विवाह समारोह की खरीदारी को लेकर व्यापारियों में भी खुशी का माहौल बन गया है। इधर, विवाह समारोह को लेकर लोगों की ओर से शहर के मैरिज गार्डन व होटलों की



बुकिंग भी हो गई है। टैंट, बैंड व अन्य जरूरी बुकिंग जोरों पर चल रही है। विवाह की खरीदारी का दौर जारी है। सराफा बाजार में विवाह के लिए आभूषण खरीदने लोग उमड़ रहे हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार बीते एक सप्ताह से सराफा बाजार में बिक्री बढ़ी है। वहीं कपडा, बर्तन आदि में भी खरीददारी बढ़ गई है।

### 12 मार्च तक रहेंगे सावे

जानकारी के अनुसार एक माह तक मलमास होने से विवाह समारोह पर विराम लग गया था। मलमास हटने के साथ ही क्षेत्र में शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। इस जनवरी माह में तकरीबन 10 विवाह के मुहूर्त बताए जा रहे है। ज्योतिषाचार्य डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि जनवरी के इस माह में 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30, 31, फरवरी में 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14,17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27, 29 व मार्च में 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 11, 12 तारीक का विवाह मुहूर्त है।

### बाजारों में बढ़ी भीड़, खरीददारी परवान पर

बाजारों में इन दिनों शादियों की खरीददारी परवान पर है। शहर के लालजी सांड का रास्ता, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार सहित अन्य मार्केट में रात तक लोगों की ज्वैलरी, कपड़े आदि खरीदने की भीड़ नजर आ रही है। परकोटे में विभिन्न बाजारों में दुकानदार छोटे से लेकर बड़े सामान जैसे एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य उत्पादों के ग्राहकों को पैकेज मुहैया करवा रहे हैं। इसके साथ ही कपड़े और अन्य शादी समारोह में लेन-देन की वस्तुएं भी पैकेज में उपलब्ध करवा रहे हैं। कपड़ों आदि में राजस्थानी, गुजराती परिधान सहित कुर्ता-पायजामा, लहंगे ग्राहक ज्यादा खरीदना पसंद कर रहे हैं।

### 70 फीसदी गार्डन बुक

जयपुर विवाह स्थल समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर माली ने बताया कि 15, 17, 18, 19 जनवरी के सावे के चलते 1000 से ज्यादा गार्डनों में से तकरीबन 70 प्रतिशत गार्डन बुक हो चुके हैं। आगामी सावों के लिए भी तीन माह से एडवांस बुकिंग लोगों ने शुरू कर दी है। एक बैंड के पंकज तारा ने बताया कि पुराने गीतों से धुनें बनाई हैं। है प्रीत जहां की रीत सदा.. सहित अन्य गानों को रीमिक्स में पेश किया है। दूल्हे जैसी शेरवानी थीम में ड्रेरस कोड बनाया है, ताकि वह भी एकदम रॉयल दिख सकें।


## दो दिवसीय साइबर हैकाथॉन 1.0 आज से

# ड्रोन से भारत का नक्शा बनाकर दिखाई टेक्नोलॉजी की ताकत

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के शास्त्रीनगर स्थित राजस्थान पुलिस एकेडमी में राजस्थान साइबर हैकाथॉन 1.0 के तहत आकर्षक ड्रोन शो कार्यक्रम हुआ। ड्रोन प्रदर्शन में 300 ड्रोन ने तिरंगा ध्वज, मोर, भारत का नक्शा, पुलिस लोगो, एयू बैंक, राजस्थान पुलिस-पब्लिक मित्रता, साइबर क्रिमिनल आदि छवि का प्रदर्शन कर टेक्नोलॉजी की ताकत दिखाई। ड्रोन शो के दौरान सभी दर्शकों की निगाहें आसमान पर टिकी रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस यू.आर. साहू ने कहा कि राजस्थान पुलिस की ओर से साइबर हैकाथॉन का आयोजन कर युवा और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को मंच प्रदान कर साइबर क्षेत्र के भविष्य की चुनौतियों पर मंथन किया जा रहा है। डीजी साइबर सुरक्षा डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने ड्रोन शो एवं राजस्थान पुलिस साइबर हैकाथॉन 1.0 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, एयू बैंक के संस्थापक एमडी संजय अग्रवाल, होप एलेक्ट्रिक्स के रजनीश सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। एडीजी मुख्यालय संजय अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। ड्रोन शो शानदार आतिशबाजी के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एसीएस आनन्द कुमार, डीजी कानून व्यवस्था राजीव शर्मा, डीजी राजेश निर्वाण, एडीजी हेमन्त प्रियदर्शी सहित पुलिस अधिकारी व पुलिस जवान परिवार सहित मौजूद रहे।

### आरपीए में ड्रोन से आकर्षक आकृतियां बनाई



### दो दिनों में होंगे 17 सत्र

झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में दो दिवसीय साइबर हैकाथॉन 1.0 बुधवार से शुरू होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम विशिष्ट अतिथि के साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, डीजीपी यू आर साहू सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। डीजी साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि बुधवार व गुरुवार को आयोजित साइबर हैकाथॉन में एक-एक घण्टे के कुल 17 सेशन्स होंगे।

### पहले दिन के आयोजन

बुधवार को पहले सेशन में पुलिसिंग में उभरती प्रौद्योगिकियां पर रिटायर्ड डीजीपी जयंथ मुरली व दूसरे सेशन साइबर क्राइम अवेयरनेस में मीडिया की भूमिका पर लल्लनटॉप के फाउंडर एडिटर सौरभ द्विवेदी एवं मीडिया पैनल वक्ता होंगे। इस ऑडिटोरियम में शाम 7 से लेकर 10:30 बजे तक कबीर कैफे बैंड द्वारा बैंड शो प्रस्तुत किया जाएगा। मिनी ऑडिटोरियम में तीसरा सेशन दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग, साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए एआई व एमआई का उपयोग पर असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल सिविल सर्वेंट गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया नवीन जाखड़, चौथा सेशन पुलिस विभाग में सिलोड ऐप डेवलपमेन्ट पर सेनपाइपर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर गौरव सेंगर, पांचवा सेशन महिलाओं और बच्चों की तस्करी में इंटरनेट का दुरुपयोग और जांच एवं रोकथाम में इंटरनेट का उपयोग पर आईपीएस रवीना त्यागी और एसपी बीकानेर तेजस्वनी गौतम, छठा सेशन राजस्थान स्टार्टअप इकोसिस्टम एंड पॉलिसी पर डीओआईटी कमिश्नर इंद्रजीत सिंह एवं सातवां सेशन स्टार्टअप में चुनौतियां और सफलता पर असर्ट एआई के को-फाउंडर नितिन जैन वक्ता होंगे।

### कल ये होंगे सेशन

गुरुवार को मुख्य ऑडिटोरियम एवं मिनी ऑडिटोरियम में 1-1 घंटे के पांच-पांच सेशन होंगे। सेशन की समाप्ति के पश्चात शाम 5 बजे से 8 तक हैकाथॉन समापन व विजेताओं की घोषणा समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र, विशिष्ट अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, डीजीपी यू आर साहू, डीजी रविप्रकाश मेहरडा एवं एडीजी संजय अग्रवाल शामिल होंगे।

## जयपुर व्यापार महासंघ की चेतावनी

# संजय बाजार में हटवाड़ा लगा तो करेंगे बाजार बंद




**बेधड़क** | जयपुर

संजय बाजार में लगने वाले हटवाड़े को लेकर व्यापारियों का विरोध तेज हो गया है। संजय बाजार के व्यापारियों के समर्थन में अब जयपुर व्यापार महासंघ भी उतर आया है। रविवार को हटवाड़ा लगने पर व्यापारियों ने सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है। अगर हटवाड़ा लगा तो व्यापारी सोमवार को बाजार बंद कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

वहीं, इस मामले को लेकर मंगलवार को व्यापारी हेरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर से भी मिले। व्यापारियों की मानें तो महापौर ने हटवाड़ा हटवाने का आश्वासन दिया है। दरअसल, संजय बाजार हटवाड़े पर हेरिटेज नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में स्थानीय विधायक रफीक खान की ओर से निकाली गई रैली को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ गया। अब हटवाड़ा के बंद करवाने को लेकर संजय बाजार के व्यापारियों के साथ जयपुर व्यापार महासंघ भी एकजुट हो गया है।

### बाजार में हो रहे अतिक्रमण

संजय बाजार व्यापार मंडल महामंत्री विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट ने 2017 में नगर निगम को तीन माह में हटवाडा को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक हटवाड़ा शिफ्ट नहीं किया गया है। इससे व्यापारी दुकानें नहीं खोल सकता और बाजार में अतिक्रमण हो रहे हैं। इधर महामंत्री विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि निगम प्रशासन हटवाड़े को हटाने के लिए दो बार कार्रवाई कर चुका है, लेकिन स्थानीय विधायक रफीक खान के विरोध के चलते प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें ।


## अंतर मंडल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

# शुभम यादव का शानदार प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ की ओर से अंतर रेलवे मंडल क्रिकेट प्रतियोगिता जयपुर मंडल की मेजबानी में गणपति नगर रेलवे कॉलोनी ग्राउंड पर शुरू हुई है। प्रतियोगिता में पहला मैच जयपुर मंडल और जोधपुर मंडल के बीच में खेला गया। इस मैच को जयपुर मंडल ने 83 रन से जीत लिया और जयपुर मंडल के शुभम यादव मैच के हीरो रहे। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुर मंडल द्वारा 20 ओवर में 2 विकेट पर 216 रन का विशाल स्कोर बनाया। जिसमें अच्छी बल्लेबाजी करते हुए शुभम यादव द्वारा शतक के साथ 119 रन बनाए साथ ही सिद्धार्थ जोशी ने 73 रन की पारी खेली। जवाब में जोधपुर मंडल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 133 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सुखराम जांगिड़ व विक्रम राजावत ने 28 रन बनाए। जयपुर मंडल के आकाश साहू ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए।



## एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने रिमूव किया 2 किलो का ट्यूमर

# पांच माह की बच्ची के सिर से निकाली गांठ

**बेधड़क** | जयपुर

एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने एक 5 माह की बच्ची के सिर से ऑपरेशन के जरिए 2 किलो की गांठ अलग कर नया जीवनदान दिया है। गांठ के कारण बच्ची सीधे सो नहीं रहीं पा रही थी। ऐसा लग रहा था मानो बच्ची के दो सिर है। ऑपरेशन के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। दरअसल, अलवर निवासी महिला के जब ऑपरेशन से प्रसव हुआ तो पता लगा कि बच्ची के जन्मजात विकृति के कारण दिमाग से जुड़ी हुई एक (गांठ) रसौली है



और साइज सिर से भी दोगुनी थी। एसएमएस अस्पताल के मीडिया प्रवक्ता डॉ. देवेंद्र पुरोहित ने बताया कि घर वालों ने उन्हें अलवर में किसी डॉक्टर को दिखाया। सभी ने कहा कि यह गांठ बच्ची के दिमाग से भी जुड़ी होने के ऑपरेशन करने में बच्ची की जान जाने की आशंका है। मगर घर वाले परेशान थे कि गांठ की वजह से बच्ची को कपड़े पहनाने, सीधे सुलाने सहित में कई परेशानी होती थी।

ऐसे में परिजनों ने बच्ची को एसएमएस अस्पताल में डॉ. संजीव चौपडा की यूनिट में दिखाया। यहां बच्ची की तमाम जांचें करवाने के बाद डॉक्टरों की टीम ने यह चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। न्यूरोसर्जन डॉ. सजीव चौपडा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. बीएल बैरवा, डॉ. मोहित एवं एनेस्थीसिया टीम से डॉ. शोभा पुरोहित व डॉ. नीलू शर्मा ने ऑपरेशन किया। 3 घंटे चले आपरेशन के बाद गांठ को सिर से अलग कर दिया गया। इसके बाद बच्ची को दो दिन गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया। बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है और दूध पी रही है। बच्ची पहली बार सिर को सीधा करके सो पाई है।

## 13 हजार 184 पदों की भर्ती प्रक्रिया अटकी

# नई भर्तियों की मांग, सफाईकर्मी 23 से हड़ताल पर

**बेधड़क** | जयपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में फिसड्डी रहने के बाद राजधानी में सफाई के हालात और बिगड़ सकते हैं। दरअसल, सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया रुकने के बाद हेरिटेज और ग्रेटर निगम के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे दी है। ऐसे में पूरे शहर की सफाई का जिम्मा संभालने वाले 8 हजार स्थायी सफाई कर्मचारी 23 जनवरी से सफाई का काम नहीं करेंगे। सफाईकर्मियों ने गहलोत सरकार के समय निकली गई भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई है और कर्मचारी संघ ने हड़ताल का ऐलान किया है। इसको लेकर मंगलवार को सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों



और सदस्यों ने बैठक की। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंद किशोर डंडोरिया ने बताया कि हमने 10 जनवरी को निदेशक स्वायत्त शासन विभाग को ज्ञापन देकर तीन दिन में भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। तीन दिन बाद भी हमारी इस मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को सफाई कर्मचारियों ने हेरिटेज निगम कार्यालय में नारेबाजी कर विरोध भी जताया था।

### गहलोत सरकार ने निकाली थी वैकेंसी

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 13 हजार 184 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली थी, जिसके आवेदन भी ले लिए गए थे। आवेदन आने के बावजूद अब सरकार उन पर आगे की कोई कार्यवाही नहीं कर रही। भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होने के कारण पूरे प्रदेश में वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारियों में रोष है। इसके चलते मंगलवार को अंतिम निर्णायक आंदोलन की मीटिंग बुलाई थी। इस मीटिंग में हमने 23 जनवरी से हड़ताल पर जाने का फैसला किया है।

### 8 हजार से ज्यादा कर्मचारी

जयपुर में नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज में इस समय 8 हजार से ज्यादा स्थायी कर्मचारी हैं, जो शहर में सफाई करते हैं। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए संघ ने 23 जनवरी से हड़ताल पर जाने का निर्णय किया है। हालांकि इस बीच अगर सरकार उनसे वार्ता करती है और भर्ती की प्रक्रिया को दोबारा शुरू करती है तो हड़ताल पर टाली भी जा सकती है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में दोनों निगम फिसड्डी

जयपुर शहर में सफाई ठीक नहीं होने के कारण पहले ही देश में फिसड्डी चल रहा है। हाल ही में आए देश के प्रमुख शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में जयपुर का नंबर 170 से ऊपर रहा है। अगर 23 जनवरी से हड़ताल होती है तो शहर में स्थिति और भी ज्यादा खराब हो जाएगी।

# गांधीनगर स्टेशन पर कल से रुकेगी वंदेभारत



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर वंदेभारत का ठहराव होगा, इस संबंध में रेलवे की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। आदेशानुसार अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार से गांधीनगर स्टेशन पर रुकेगी। दरअसल, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने 12 जनवरी को जयपुर दौरे के दौरान अजमेर-दिल्ली कैंट वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की घोषणा की थी। गाड़ी संख्या 20977, अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस 18 जनवरी से गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर 07.58 बजे आएगी और 08.00 बजे रवाना होगी।

## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**बांदीकुई।** बैजूपाड़ा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र का बजट आवंटित हो गया, भवन के लिए जमीन आवंटित हो गई, लेकिन भवन बनने में हो रही देरी से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन नहीं होने से यहां पहले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य ब्रजमोहन मीणा से भी मांग की। उन्होंने जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की बात कही है।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, बुजुर्ग की गई जान

**बूंदी।** जिले के करवर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह बाड़े के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने दूसरे पक्ष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। करवर थाना अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि थाना क्षेत्र के नोहरा गांव में बाड़े के विवाद को लेकर मंगलवार सुबह दो पक्ष भिड़ गए थे। घटना में छोटू लाल गुर्जर (61) पुत्र सूरजमल गुर्जर गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे इन्द्रगढ़ अस्पताल लेकर पहुचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस विवाद में छोटू लाल का पुत्र गिल्लू राम (28) भी जख्मी हो गया।

### जिला कलेक्टर का स्वागत, डिग्गीपुरी आने का निमंत्रण



**टोंक।** श्रीकल्याणजी महाराज मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या का उनके कार्यालय पहुंचकर स्वागत किया। मन्दिर ट्रस्टी व पुजारी गिरिराज शर्मा ने कलेक्टर को दुपट्टा और कल्याणजी महाराज का छायाचित्र भेंट किया। वहीं के.डी. शर्मा ने बालभोग का प्रसाद भेंटकर शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने मन्दिर ट्रस्ट का आमंत्रण स्वीकार कर शीघ्र डिग्गीपुरी आने की सहमति प्रदान की। इस पदाधिकारियों ने उन्होंने जिले को शिक्षित, विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने का संकल्प किया।

## गरीब नवाज के 812वें उर्स में जनप्रतिनिधियों की ओर से चादर पेश करने का चल रहा सिलसिला

# खरगे और वसुंधरा राजे की ओर से मजार शरीफ पर चादर पेश

बेधड़क | अजमेर

सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स में एक ओर जहां जायरीनों का हुजूम दरगाह में उमड़ा रहा है वहीं जनप्रतिनिधियों की ओर से भी ख्वाजा साहब की मजार शरीफ पर चादर पेश करने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक वसुंधरा राजे की ओर से भी ख्वाजा के दरवार में चादर पेश की गई। दोनों नेताओं की चादर लेकर पहुंचे प्रतिनिधियों ने गरीब नवाज को चादर पेश की।

### इमरान प्रतापगढ़ी लेकर पहुंचे खरगे की चादर



ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चादर पेश की गई। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी मंगलवार को चादर लेकर दरगाह पहुंचे। प्रतापगढ़ी ने गरीब नवाज की पाक बारगाह में खरगे की चादर और अकीदत के फूल पेश कर देश में अमन चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। चादर पेश करने के बाद इमरान प्रतापगढ़ी ने मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से भेजे गए संदेश को बुलंद दरवाजे पर पढ़कर सुनाया। इसमें उन्होंने सभी को उर्स की मुबारकबाद देते हुए देश में अमन चैन, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पुष्कर से कांग्रेस की पूर्व विधायक नसीम अख्तर इंसाफ, कांग्रेस नेता हाजी इंसाफ अली, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी एसएम अकबर, आसिफ कुरैशी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजे ने भेजी चादर, प्रदेश में खुशहाली की मांगी दुआ



पूर्व मुख्यमंत्री राजे की ओर से भेजी गई चादर दरगाह में पेश करने के बाद निजाम गेट से अफसान चिश्ती ने उनका संदेश भी पढ़कर सुनाया। इसमें राजे ने देश-प्रदेश में अमन चैन और भाईचारे के साथ खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भाजपा अजमेर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. बीपी सारस्वत, खादिम सैयद अफसान चिश्ती, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री मुंसिफ अली खान, यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मोहित जैन, शहर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा शफीक खान, गुलाम मुस्तफा, अतीक अहमद, मनोज बैरवा सहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर का पूर्व मुख्यमंत्री राजे का संदेश दरगाह के निजाम गेट से अफसान चिश्ती ने पढ़ कर सुनाया।

## खनन माफिया के खिलाफ अभियान तेज, कई जिलों में कार्रवाई

# 20 से अधिक मशीनें व 25 हजार टन से अधिक अवैध खनिज जब्त

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशों पर प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान 20 से अधिक बड़ी मशीनों के साथ ही 25 हजार टन से अधिक अवैध भंडारित खनिज जब्त किया गया है। प्रदेश में सबसे बड़ी कार्रवाई डूंगरपुर के सोमकमला बांध क्षेत्र में नावों से बजरी का खनन करती हुई 8 नावों की मय 510 टन बजरी के जब्ती का रहा है।

प्रदेशभर में करीब 60 एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त 38 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 11 जनवरी को माइंस विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अवैध खनन गतिविधियों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शुरू किए गए अभियान की मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं के स्तर पर नियमित समीक्षा कर रहे हैं। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेशभर में कार्रवाई में और अधिक तेजी आई है। दो दिन में 20 से अधिक बड़ी मशीनरी सहित 260 से अधिक वाहन जब्त किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर के जमवारामगढ़ के पास नूरपुर में 5 ट्रैक्टर टॉली जब्त कर ताला थानें में सुपुर्द की है। यहां दो वाहन और 186 टन खनिज जब्त किया गया है। इसी तरह से खेतड़ी, नीमकाथाना में 5 वाहन जब्त करने के साथ ही एक एफआईआर दर्ज कराई गई है। दौसा, अलवर और कोटपूतली में एक-एक वाहन जब्त किया गया है। टोंक में हाडीकालान और पीपलू के नानेर में 1490 टन अवैध बजरी जब्त की है।

### ■ डूंगरपुर में बजरी खनन कर ला रही 8 नावों को किया नष्ट



### नावों से बजरी खनन का रैकेट पकड़ा

डूंगरपुर के सलूंबर में जिला प्रशासन के सहयोग से सोमकमला बांध क्षेत्र में नावों से बजरी के अवैध खनन के बड़े रेकेट को पकड़ा गया है। यहां 8 नावों को 510 टन बजरी के साथ जब्त किया गया है। सभी नावों को नष्ट करने किया गया ताकि अवैध बजरी खनन पर कारगर रोक लग सके। कपासन और भोपालसागर में दो ट्रैक्टर ट्रॉली, प्रतापगढ़ के धरियावद परसोला से 2 ट्रैक्टर टॉली जब्त कर संबंधित थानों में सुपुर्द की गई है। इसी तरह से उदयपुर में गिरवा और झाडोल से 4 वाहन जब्त किए गए हैं। बेगू में 230 टन बजरी का अवैध भंडार जब्त किया गया है। शाहपुरा तहसील के कोछोला में एक जेसीबी व 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर काछोलाथाने को सुपुर्द की गई है। एमई भीलवाड़ा जिनेश हुमड ने शाहपुरा कोटडी में कार्यवाही करते हुए 370 टन मिट्टी मिक्स गारनेट, 10 टन शुद्ध गारनेट और 9 मैग्नेटिक सेपरेटर की जब्ती के साथ ही बजरी का अवैध परिवहन करते हुए 13 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की है।

### अजमेर में वाहन जब्ती के साथ छह लाख जुर्माना

अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित, एसएमई पुखराज आमेटा के निर्देशन में जूमाडा,नारोली, भांवता, अजमेर शहरी क्षेत्र, मांगलियावास, रुपनगढ़, किशनगढ़, नसीराबाद, श्रीनगर आदि क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 6 वाहन की जब्ती के साथ ही 6 लाख रुपए जुर्माना भी वसूला है। एएमई केकड़ी पुष्पेन्द्र ने कार्रवाई करते हुए मेसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की है। गोटन में एक एलएनटी एक्स्क्वेटर मशीन, रियावड़ी में 600 टन बजरी जब्त कर 2.90 लाख का जुर्माना वसूला गया है। सलूंबर, बांसवाड़ा, राजसमंद, प्रतापगढ़, शाहपुरा, भीलवाड़ा, उदयपुर और डूंगरपुर में बड़ी कार्रवाई की गई है।

### बिना ई-रवन्ना लिए खनन सामग्री ले जाते पकड़ा

नोहर पल्लू में जिप्सम बिना ई-रवन्ना ले जाते हुए दो वाहनों पर कार्रवाई कर 1 लाख 93 हजार का जुर्माना वसूला गया है। इसी तरह से मेसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रोले को जब्त कर 1 लाख 33 हजार 394 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। बूंदी में चार डंपर, 1 जेसीबी व 1 ट्रैक्टर जब्त किया।

## जयचौली गांव में महापड़ाव का ऐलान

# भरतपुर-धौलपुर के जाटों का आरक्षण आंदोलन आज से



बेधड़क | भरतपुर

केंद्र में ओबीसी आरक्षण देने की मांग को लेकर बुधवार से भरतपुर-धौलपुर जिले के जाटों का आंदोलन शुरू हो जाएगा। जिले में उच्चैन के जयचौली गांव के रेलवे ट्रेक के पास बुधवार से महापड़ाव का ऐलान किया गया है। आंदोलन गांधीवादी तरीके से किया जाएगा, लेकिन सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो इस बार जाट समाज आर-पार की लड़ाई लड़ेगा।

आरक्षण संघर्ष समिति संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि जाट आरक्षण आंदोलन की लड़ाई दोनों जिले का जाट समाज 1998 से लड़ता आ रहा है। गत 25 सालों से आरक्षण की लड़ाई के लिए कागज की पूर्ति हम करते आ रहे हैं, सभी कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद भी सरकार दोनों जिलों के जाटों का मखौल उड़ा रही है। अब जाट समाज इससे तंग आ चुका है। इस बार समाज आर-पार की लड़ाई के मूड में है। नेम सिंह ने कहा कि जयचौली गांव के रेलवे ट्रेक के पास बुधवार को महापड़ाव शुरू होगा। शुरुआत में आंदोलन का रूप गांधीवादी तरीके से होगा। हमने सरकार को 7 से 17 जनवरी तक का समय दिया था, लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। इसके चलते हम बुधवार से आंदोलन शुरू करेंगे। सरकार गांधीवादी तरीके को गंभीरता से लेते हुए जाट समाज की वाजिब मांगे पूरी करें तो हम सरकार को धन्यवाद देंगे। अगर सरकार गांधीवादी तरीके को हमारी कमजोरी समझे, तो यह सरकार की बहुत बड़ी भूल होगी। हम पूर्ण रूप से आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

## गाय को बचाने के प्रयास में हादसा, दो लोग गंभीर घायल

# तेज रफ्तार कार पलटी, 2 की मौत

बेधड़क | जैसलमेर



जिले में मंगलवार को तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पलट गई। इसके चलते दो दोस्तों की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को पोकरण अस्पताल भिजवाया।

हादसा लाठी कस्बे में वनविभाग कार्यालय के पास मंगलवार सुबह 8:30 बजे गाय को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार अजमेर और ब्यावर निवासी चार दोस्त जैसलमेर घूमकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान जैसलमेर-पोकरण रोड स्थित पोकरण के लाठी क्षेत्र में वन विभाग कार्यालय के पास सड़क पर अचानक गाय आ गई। इसके चलते चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को सीधा करवाया और कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने गंभीर हालत में घायल चारों दोस्तों को एंबुलेंस की मदद से लाठी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने हेमंत (35) पुत्र भगवान दास और पुष्पेंद्र (32) पुत्र हीरा सिंह निवासी ब्यावर को मृत घोषित कर दिया। वहीं अजमेर निवासी घायल विवेक (43) पुत्र सोहन सिंह और राहुल (32) पुत्र उमराम को पोकरण हॉस्पिटल रेफर किया गया।

## मांगें नहीं मानने पर डिस्कॉम कर्मचारियों ने दी बेमियादी धरने की चेतावनी

# ठेका प्रथा के विरोध में कार्मिकों का धरना

बेधड़क | बाड़मेर



जिले में डिस्कॉम के कर्मचारियों ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय धरना देकर निजीकरण और ठेकेदारी प्रथा का विरोध किया।

कर्मचारियों का कहना है कि डिस्कॉम लगातार जनता से जुड़े कामों को कर्मचारियों से छीनकर ठेके पर दे रहा हैं। श्रमिक संघ ने इसके विरोध में 15 दिन पहले डिस्कॉम एसई को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इस पर कोई विचार नहीं किया गया। अगर डिस्कॉम प्रशासन ने मांगे नहीं मानी तो आगामी दिनों में अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। डिस्कॉम ऑफिस के बाहर कर्मचारियों ने ठेका प्रथा के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता को तीन सूत्री मांग-पत्र सौंपा। ज्ञापन के मुताबिक आचार संहिता लगने के कुछ दिन पहले डिस्कॉम ने रीडिंग ठेका पद्धति शुरू कर दी। इसका हमने विरोध भी किया। डिस्कॉम कर्मचारी संघ के नरेश सिंह के मुताबिक मंगलवार को हमने एक दिवसीय धरना दिया। डिस्कॉम प्रशासन को ज्ञापन देकर बताया कि रीडिंग ठेके पद्धति को निरस्त करें अन्यथा आगामी दिनों में हम अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों ने बताया कि एफआरटी, जीएसएस ऑपरेशन, मेटेनेंस, क्रेन, ट्रांसपोर्टेशन, कम्प्यूटर मेन मशीन, लोकल, परचेज, पावर ट्रांसफॉर्मर, केमिकल अर्थिंग, ट्री कटिंग, ट्रांसफॉर्मर फेसिंग, सहित ठेकेदारी कार्यों पर रोक लगाई जाए।

## संतों के सान्निध्य में ली भगवती दीक्षा

# सांसारिक सुखों को छोड़ संयम पथ पर चली तीन बेटियां

बेधड़क | जोधपुर

खेलकूद और मौज-मस्ती की उम्र में सांसारिक माया-मोह को त्यागकर तीन बेटियों ने वैराग्य पथ पर चलने के लिए घर दहलीज लांघी तो माता-पिता सहित सभी परिजन भावुक हो उठे। नम आंखों के साथ परिजनों ने बेटियों को विदाई दी। मंगलवार सुबह बेटियों को सफेद वस्त्र धारण करवाए गए।

तीनों ने केश लोचन के बाद घर की दहलीज पार की। लाड-प्यार से पाली अपनी बेटियों को इस साध्वी वेश में देखकर माता-पिता की आंखे छलक उठी। तीनों बेटियों के साथ एक मुमुक्ष ने भी दीक्षा ली।जोधपुर शहर के चौरडिया भवन में दीक्षा का कार्यक्रम था। इस दौरान दीक्षार्थियों का नवीन नामकरण भी किया गया। भीलवाड़ा के कन्हैयालाल (68) अब कमल मुनि के नाम से जाने जाएंगे। जोधपुर की खुशी चौपड़ा को ईश्वरजी और रिद्धि बाफना को इंगिता नाम दिया गया। वहीं गंगापुर सिटी की नेहा जैन (27) का नाम रक्षिता रखा गया हैं। मुमुक्षु भाई-बहनों ने आचार्य परिवार हीरानंद महाराज सा, महेंद्र मुनि महाराज से कई संतों की उपस्थिति में जैन भगवती दीक्षा को ग्रहण किया। जैसे ही महाराज सा ने दीक्षा दी तो वहां उपस्थित लोगों ने भगवान महावीर और संतों के जयकारों से माहौल को गूंजायमान कर दिया। संयम पथ को स्वीकार कर चुकी बेटियां अब समाज में संस्कारों की शिक्षा का पाठ पढ़ाएंगी।



### संतों की वाणी ने बदली जीवन की राह

पुरी भोपालगढ़ जोधुपर की रहने वाली 18 साल की रिद्धि बाफना के जीवन की राह संतों के विचारों से बदल गई। उनकी प्रेरणा से मन में संयम पथ पर जाने का विचार जागा। रिद्धि के चाचा ने बताया कि उसने दुनिया का सबसे बेहतरीन मार्ग चुना है। इसके लिए उसे बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। चौपड़ा परिवार के लिए गर्व की बात है। वहीं भगवती दीक्षा लेने वाले 68 साल के कन्हैयालाल जैन के सांसारिक बेटे पुखराज चौधरी ने बताया उनके पिता पिछले 40 सालों से स्वाध्याय संघ से जुड़े हुए थे।

### चार दिन में हुए विविध कार्यक्रम

दीक्षा महोत्सव को लेकर पिछले 4 दिन से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शनिवार को पाठ बिठाने और घी पिलाने की रस्म हुई थी। रविवार को मेहंदी और हल्दी की रस्म हुई थी। इसमें समाज की लगभग 1500 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। सोमवार को मुमुक्षु भाई-बहनों का वरघोड़ा जुलूस निकाला गया था। इसमें बड़ी संख्या में जैन समाजबंधु शामिल हुए। 27 साल की नेहा जैन की मां ने बताया कि बेटी संयम के मार्ग पर जा रही है। इसके लिए उसे खूब बधाई और शुभकामनाएं। बहन खुशबू जैन ने बताया उन्होंने चंद्रकला महाराज सा के सानिध्य में दीक्षा ली। हमें बहुत खुशी है की हमारे परिवार से किसी ने दीक्षा ली है।

### पढ़ाई छोड़कर चुना संन्यास पथ

जोधपुर की रहने वाली 19 साल की खुशी चोपड़ा ने भी भगवती दीक्षा ली हैं। खुशी ने जोधपुर के महावीर पब्लिक स्कूल से कॉमर्स स्ट्रीम से कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूरी की है। इसमें उनके 94 प्रतिशत नंबर हैं। पढ़ाई छोड़कर नई राह चुनने के सवाल पर खुशी ने बताया कि हमारे भगवान महावीर स्वामी ने कहा है कि संयम की उम्र 9 वर्ष से शुरू हो जाती है, जबकि मेरी उम्र 19 साल है। इस हिसाब से मैं अभी दस साल लेट हूं।

## बयाना विधायक बनावत बोलीं- ये डीपफेक

# अश्लील वीडियो को विधायक का बताकर किया शेयर

**जयपुर।** बयाना से निर्दलीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत का सोशल मीडिया पर डीपफेक वीडियो डाल दिया गया। पिछले 5 दिन से ये अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। मामले की जानकारी विधायक तक पहुंची तो उन्होंने सोमवार शाम भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा को शिकायत दी। इधर, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोशल मीडिया पर फेक वीडियों एवं अफवाहों से छवि खराब करने के संबंध में बयाना से विधायक ऋतु बनावत द्वारा दी गई शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया। देवनानी ने शिकायत की जांच के लिए भरतपुर पुलिस महानिरिक्षक को दूरभाष पर निर्देश दिए। साथ ही कार्रवाई कर विधिक रिपोर्ट 23 जनवरी तक आवश्यक रूप से उन्हें भेजने के भी निर्देश दिए।

मामलें को लेकर विधायक ऋतु बनावत ने कहा कि 5 दिन पहले मुझे परिचित ने कॉल करके इस वीडियो के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया है। इसके साथ मेरा नाम और फोटो जोड़कर इसे शेयर किया जा रहा है। पहले तो मैंने ध्यान नहीं दिया। फिर लगातार कॉल आने लगे तो मैंने भरतपुर एसपी को जानकारी दी। स्पीकर वासुदेव देवनानी को भी इस संबंध में अवगत कराया है।

## कोर्स के बाद मिल सकते हैं कॅरिअर के शानदार अवसर

# IIT में पीजी इन सोसाइटी एंड कल्चर के आवेदन आमंत्रित

**बेधड़क** | जयपुर

अपनी टेक्निकल एजुकेशन के लिए प्रसिद्ध आईआईटी संस्थानों से क्या आप आर्ट्स की पढ़ाई कर सकते हैं। पहली बार ये सुनकर आपका जवाब निश्चित रूप से ना ही होगा। लेकिन अब ऐसा किया जा सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) गांधीनगर ने 2024 में समाज और संस्कृति में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 10 फरवरी तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। किसी भी विषय में स्नातक छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। यह पीजी कार्यक्रम इतिहास, सांस्कृतिक अध्ययन, साहित्य, अनुवाद अध्ययन, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मानवविज्ञान, मानविकी,सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई के लिए शुरू किया गया है। छात्रों को इस पाठ्यक्रम में फील्ड वर्क और एथनोग्राफिक रिसर्च के लिए गुजरात के ऐतिहासिक-पुरातात्विक स्थलों का दौरा,आईआईटी गांधीनगर एक्सप्लोरर फेलोशिप के माध्यम से देश में यात्रा, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक व औद्योगिक इंटर्नशिप जैसे विभिन्न रिसर्च एक्सपीरियंस भी मिलेंगे।




### ये मिलेंगे कॅरिअर विकल्प

ये डिग्री कोर्स करने के बाद गैर-लाभकारी क्षेत्र (एनजीओ), पत्रकारिता, विज्ञापन या मीडिया, संचार, लेखन और मानव संसाधन जैसी उद्योग भूमिकाओं में काम करने का मौका मिल सकता है। पारिस्थितिक विज्ञान और सार्वजनिक नीति में शिक्षण या अनुसंधान जैसी शैक्षणिक भूमिकाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय पीएचडी के अवसर भी इससे मिल सकते हैं। संस्थान एमए छात्रों को विदेश में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपना शोध कार्य प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करता है और 60 हजार रुपए तक की यात्रा छात्रवृत्ति भी प्रदान करता है।

### स्टूडेंट्स की स्किल डेवलप करेगा पाठ्यक्रम

कार्यक्रम की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए आईआईटी गांधीनगर के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. विक्रांत जैन ने बताया कि ये पाठ्यक्रम स्टूडेंट्स की स्किल डेवलप करने और नवीन रूप से सोचने व समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। समाज और संस्कृति में एमए कार्यक्रम छात्रों को सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर विभिन्न दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे विभिन्न शैक्षणिक विषयों के अंतर्संबंधों की गहरी समझ विकसित होती है।

## Yuva स्टोरीज

### राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को आगे आना होगा



**बेधड़क** | जयपुर

2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सिर्फ शासन, प्रशासन और उद्योगपति ही नहीं अपितु समाज के हर हिस्से चाहे वो शिक्षक, विद्यार्थी हो या मजदूर, कर्मचारी सभी को मिलकर प्रयत्न करने की आवश्यकता है। ये कहना है फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे डॉ. हेमंत सेठिया का।

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में "2047 में विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा में जीवन मूल्य" विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें गुलामी की मानसिकता को छोड़कर अपने विरासत पर गर्व करना और अपने देश के साथ अपनेपन का भाव जगा कर उसकी उन्नति के लिए लगातार प्रयत्न करना पड़ेगा महविद्यालयों में शिक्षक और विधार्थी वर्ग के लिए तो बहुत से कौशल विकास कार्यक्रम होते हैं लेकिन एसकेआईटी जयपुर ने अध्यापकों के लिए इस तरह के एक अभिनव विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया है।



### सड़क पर घायल की मदद करना मानवीयता

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर रुरल हेल्थ व डेवलपमेंट ट्रस्ट व बियानी शिक्षण समिति और प्रादेशिक सड़क सुरक्षा एंव परिवहन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन बियानी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। 15 जनवरी-14 फरवरी तक 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 ' के अंतर्गत विभिन्न कैंपेन और जागरूकता के लिए कार्यक्रम होंगे। इसी के तहत सड़क सुरक्षा माह के पहले सप्ताह में नर्सिंग विभाग एंड स्टूडेंट वेलफेयर डीन के सहयोग से आयोजित एक वर्कशॉप में एसएमएस ट्रोमा सेंटर से राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित मास्टर ट्रेनर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर राजकुमार राजपाल एंव राधेलाल शर्मा ने बेसिक लाइफ सपोर्ट समझाते हुए सीपीआर की ट्रेनिंग दी।

साथ ही गुड सेमेरिटन कॉन्सेप्ट पर जानकारी देते हुए बताया कि आम लोग सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ित की मदद कानूनी पेचीदगियों से बचते हुए कैसे कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने सीपीआर तकनीक का लाइव डेमोन्स्ट्रेशन कर विद्यार्थियों को जीवन बचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पर सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग इंस्पेक्टर राजीव जैन ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### गणतंत्र दिवस कैंप एवं पीएम रैली के लिए काजल का चयन



**उदयपुर** । भूपाल नोबल्स कन्या पीजी कॉलेज की एनसीसी 5 राज गर्ल्स बटालियन की कैडेट काजल चूंडावत का गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के शिविर (आरडीसी) में सांस्कृतिक संवर्ग में चयन हुआ है।उपराष्ट्रपति आवास पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में काजल ने स्केट के साथ भवई नृत्य प्रस्तुत किया। इनका चयन पीएम रैली परेड एवं पीएम हाउस में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए हुआ है। ये यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रेम सिंह रावलोत ने गणतंत्र दिवस कैंप में चयन के लिए काजल को शुभकामनाएं दीं।

## स्टार्टअप के लिए उठाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

# एक्सपर्ट्स ने युवाओं को दिए स्टार्टअप ग्रोथ टिप्स

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस के अवसर पर राजस्थान विवि ई.सी. एच इनक्यूबेशन सेंटर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ईसीएच इनक्यूबेशन सेंटर और लेट्स स्टार्ट सेंटर इंटर नेशनल सोसायटी फॉर लाईफ सांइसेज ( आई.एस.एल.एस) के सयुंक्त तत्वाधान में हुए इस कार्यक्रम में शहर के अलग-अलग कॉलेजों से आए छात्रों को स्टार्ट अप की स्थापना से जुडे विभिन्न व्यवहारिक पहलुओं पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में टीआईई जैसे प्रतिष्ठित औधोगिक समूह की राजस्थान अध्यक्ष डॉ. शीनूझंवर ने सफल स्टार्ट अप की स्थापना में यूनिट इकॉनोमिक्स, बूटस्ट्रैप, लीन मैन्यूफैक्चरिंग जैसे विभिन्न आयामों की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने कहा कि उद्यमिता परिस्थिति के तंत्र को बढ़ावा देने में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि स्टार्ट अप की स्थापना के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

### अवसरों व योजनाओं से रहें अपडेट

ईसीएच इन्क्यूबेशन सेंटर की समन्वयक, प्रोफेसर सुमिता कछवाहा ने स्टार्ट-अप और उद्यमियों को समर्थन देने के लिए ईसीएच द्वारा आयोजित उद्यमिता सहायक योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। प्रोफेसर हेमंत पारीक, समन्वयक, लेट्स स्टार्ट सेंटर, आईएसएलएस ने भी छात्रों को उद्यमशील मानसिकता विकसित करने के लिए युवाओं के लिए उनके सहायक कार्यक्रमों और इंटर्नशिप के अवसरों के बारे में बताया। डॉ. रणधीरगजराज, उद्यमी, सलाहकार ने खाद्य क्षेत्र में उद्यम शीलता के अवसरों के बारे में बताया, जिसमें शैवालीय खाद्य पदार्थों, दवा के रूप मेंस्पिरुलिना और खाद्य पूरक पर विशेष जोर दिया गया।

### औद्योगिक इकोलॉजी को मजबूत बनाना जरूरी

स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ इस बातचीत को विभिन्न विषयों के छात्रों , संकाय, उद्यमियों, स्टार्ट-अप संस्थापकों ने देखा। राजस्थान के उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए टीआईई, सनराइज एग्रोफार्म्स के साथ सहयोग और एमओयू की भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई।




भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के चैयरमेन एवं सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक डॉ. अतुल गुप्ता जिन्हें भारत में गोबर से बनने वाले उत्पादों के निर्यात करने वाला प्रणेता माना जाता है, ने युवाओं से कहा कि किसी भी व्यक्ति में उधमशील स्वभाव में योगदान देने वाले प्रमुख कारणों के रूप में उधमशीलता की मानसिकता, लचीलापन व सार्थकता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज के इस परिवर्तित परिवेश में उन्हें अपने नए विचारों को उद्यमिता से जोड़ना चाहिए। युवा औद्योगिक वातावरण की स्थापना के लिए सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं।

## नेशनल स्टार्टअप डे मनाया

# तीन स्टार्टअप्स को एक करोड़ की फंडिंग

**जयपुर**। 27वें नेशनल स्टार्टअप डे पर जेईसीआरसी इनक्यूबेशन सेंटर की ओर से मंगलवार को एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेआईसी की ओर से तीन स्टार्टअप्स को 1 करोड़ की राशि ग्रांट की गई।

इन तीन स्टार्टअप के नाम है जोना सोल, प्रोनेस्ट और रीग्रिप इनमें से एक स्टार्टअप को बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी का समर्थन है। इस अवसर पर



जेआईसी की स्टार्टअप पॉलिसी का दूसरा रिवाइज्ड वर्जन हुआ लॉन्च। इस पॉलिसी को तीन महीनों में री-डिज़ाइन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स की अटेंडेंस में 10% की छूट, इंक्यूबेशन में काम कर रहे विद्यार्थियों को सब्जेक्ट क्रेडिट पॉज करने का ऑप्शन दिए हैं।

मेंटरशिप सेवाओं के माध्यम से स्टार्टअप उन्नति के लिए रणनीतिक सहायता, सरकारी अनुदान के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने को अहमियत दी गई है। डैफर्ड प्लेसमेंट की भी विद्यार्थियों को सुविधा दी जाएगी। डिजिटल स्ट्रेटजी हेड धीमंत अग्रवाल ने कहा, JIC में 63 स्टार्टअप्स काम कर रहे हैं। प्रोटो टाइप स्टार्टअप्स को सपोर्ट करने के लिए फंड अनाउंस किया जाएगा। अगले 2 साल में 200 स्टार्टअप्स इनक्यूबेट करने का लक्ष्य तय किया है।

# नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में टोंक के रोहित ने जीता गोल्ड




**बेधड़क** | जोधपुर

टोंक जिले के बंबोर गांव के रहने वाले 19 वर्षीय रोहित बंशीवाल ने बिहार में 58वीं नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। यह मेडल अंडर-20 आयु वर्ग में 8 किमी की दौड़ में जीता है। रोहित ने यह दूरी 24 मिनट 50 सेकंड में पूरी की।

रोहित ने हाल ही में जोधपुर में हुए वेस्ट जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी 10 किलोमीटर की दौड़ 30.52 मिनट में पूरी कर स्वर्ण पदक जीता था। इस मुकाबले में उसने सात राज्यों के आठ अन्य प्रतियोगियों को हराया था।

### मैराथन में साढ़े सात सौ कंटेस्टेंट्स को हराकर जीता मेडल

टोंक से आठ किमी दूर बंबोर गांव के रहने वाले रोहित के नाम और भी कई बड़े रिकॉर्ड्स हैं। अपनी उम्र से ज्यादा मैडल जीत चुके रोहित ने 2021 में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ में 700 प्रतिभागियों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है लेकिन रास्ते में आने वाली हर कठिनाई को हराकर रोहित ने अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफलता हासिल की है।

### अगला लक्ष्य ओलंपिक में गोल्ड जीतना

कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा चुके इस एथलीट का अगला लक्ष्य ओलंपिक खेलों में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। रोहित कहते हैं, मेरे टेलेंट को देखकर समाज और अन्य भामाशाह काफी मदद करते हैं। अब सरकार भी खूब मदद कर रही है। शुरुआती में काफी परेशानी हुई। दौड़ने के लिए अच्छे जूते भी नहीं थे पास। मेरे बड़े भाई संजय दौड़ की प्रैक्टिस करते थे। उन्होंने मैराथन में ट्रॉफी में जगह बनाई। उनका सपना था कि वह बड़े होकर मैराथन दौड़कर देश का नाम रोशन करें, लेकिन कुछ साल पहले पैर की चोट के कारण वह दोबारा दौड़ नहीं सके। अब मैं उनका सपना पूरा करुंगा।




## जेईई मेन्स 2024 | परीक्षार्थी वॉशरूम भी गए तो दोबारा होगी बायोमेट्रिक अटेंडेंस

# इस साल सख्त नियमों के पहरे में होंगी बड़ी परीक्षाएं

**बेधड़क** | जयपुर

JEE Main 2024 की तैयारी करने वाले छात्रों को इस बार और ज्यादा सख्त नियमों के अंतर्गत परीक्षा देनी होगी। हर बार की तरह उनके लिए एक बार सारे कायदों से गुजर कर बायोमेट्रिक अटेंडेंस के बाद परीक्षा हॉल में पहुंच जाना ही काफी नहीं होगा।

एनटीए की नई गाइडलाइंस के हवाले से सामने आया है कि अगर परीक्षा के दौरान उम्मीदवार वॉशरूम भी जाते हैं तो दोबारा उन्हें इन्हीं सारी प्रक्रियाओं से फिर से गुजरना होगा।

इतना ही नहीं, एग्जाम सेंटर में परीक्षार्थियों की जांच ही नहीं होगी बल्कि सेंटर तक आने वाले हर एक व्यक्ति चाहे वे अधिकारी, इंविजिलेटर यहां तक कि चाय-पानी की सुविधा प्रदान करने वाले अन्य कर्मचारियों की भी तलाशी ली जाएगी और उन्हें भी बायोमेट्रिक प्रक्रिया से गुजरना होगा।




### पहले से ज्यादा सख्त हैं नियम

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (मेन) 2024 का आयोजन 24 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 तक होगा। सेशन 1 की इस परीक्षा के लिए कुल 12 लाख 30 हजार 347 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है। छात्रों को ध्यान रखना होगा कि वे परीक्षा केंद्र पर तय समय पर पहुंचे, ताकि तलाशी व बायोमेट्रिक पहचान प्रक्रिया में लगने वाले समय के कारण उन्हें परीक्षा के लिए देरी ना होने पाए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने जॉइंट एंट्रेंस टेस्ट 2024 के नियमों में काफी हद तक सख्ती बढ़ा दी है। इस बार जेईई मेन परीक्षा के दौरान स्टूडेंट्स के लिए नियम पहले से कहीं ज्यादा सख्त होंगे। एनटीए ने परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए खास योजना तैयार की है। अगर कोई छात्र परीक्षा के बीच में वॉशरूम या अन्य किसी सुविधा के लिए बाहर जाएगा तो उसकी दोबारा तलाशी ली जाएगी और साथ ही उसे दोबारा बायोमेट्रिक अटेंडेंस भी लगानी होगी। टेस्ट सेंटर पर एनटीए के जनरल डायरेक्टर के अतिरिक्त कोई और अधिकारी आता है, तो उसकी भी तलाशी ली जाएगी और उसकी पहचान कंफर्म करने के लिए उसे भी बायोमेट्रिक अंटेडेंस की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### इस साल होने वाले हर एग्जाम के लिए हैं ये नियम कायदे

एनटीए जेईई मेन 2024 की परीक्षा के साथ यह प्रयोग शुरू कर रहा है, और साथ ही इस साल होने वाली परीक्षाओं जैसे - सीयूईटी (CUET), नीट (NEET) व अन्य परीक्षा में भी इन सख्त गाइडलाइंस का पालन किया जाएगा। गौरतलब है कि अब सिर्फ छात्रों की ही नहीं, बल्कि अधिकारियों, इंविजिलेटर और चाय-पानी की सुविधा प्रदान करने वाले अन्य कर्मचारियों की भी तलाशी ली जाएगी। परीक्षा सेंटर परिसर में एंट्री के लिए उन्हें भी बायोमेट्रिक प्रक्रिया से गुजरना होगा। इंविजिलेटर्स को परीक्षा में गड़बड़ी पकड़ने की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस बार जेईई मेन की परीक्षा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले और मेघालय के तुरा में भी आयोजित की जाएगी।

श्रद्धांजलि

# आसां नहीं है मुनव्वर राणा होना



सुनील कुमार महला
फ्रीलांस राइटर कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड

हिंदी साहित्य में बेहद सुंदर और प्रचलित रचनाएं हैं, जिसे पढ़कर हिंदी की गंभीरता और उनकी उच्चता का पता चलता है। हिंदी साहित्य को उसके आयाम तक पहुंचाने में अनेक प्रसिद्ध लेखकों का योगदान रहा है, ठीक इसी प्रकार से यदि हम यहां उर्दू की बात करें तो उर्दू में मुनव्वर राणा का नाम प्रमुख है। मुनव्वर राणा वह शख्सियत रहे हैं, जिन्होंने अपनी रचनाओं से भारतीयों ही नहीं विदेशी लोगों का भी दिल जीता है। कुछ पंक्तियों को महसूस कीजिए और देखिए, **'जिस्म पर मिट्टी मलेंगे पाक हो जाएंगे हम, ऐ ज़मीं एक दिन तेरी ख़ुराक हो जाएंगे हम।'** हाल ही में देश के जाने-माने और बहुत मशहूर शायर, कवि, लेखक और गीतकार मुनव्वर राणा का दिल का दौरा पड़ने से 71 साल की उम्र में लखनऊ में निधन हो गया है। नए साल में हमने एक महान शायर, शख्सियत को खो दिया। सच तो यह है कि उनका जाना पूरे साहित्य समाज में एक शून्य-सा पैदा कर गया है, हर कोई गमजदा है। सर्वप्रथम उन्हें शत-शत नमन और इस लेखक की विनम्र श्रद्धांजलि। जानकारी मिलती है कि ट्रांसपोर्ट के बिजनेस से उन्होंने मशहूर शायर तक का सफर किया था। जनवरी के महीने के बारे में उन्होंने कभी यह लिखा था, 'दुख भी ला सकती है, लेकिन जनवरी अच्छी लगी, जिस तरह बच्चों को जलती फुलझड़ी अच्छी लगी, रो रहे थे सब, तो मैं भी फूटकर रोने लगा मुझको अपनी मां की, मैली ओढ़नी अच्छी लगी।' जानकारी देना चाहूंगा कि राणा की नज्म 'मां' का उर्दू साहित्य जगत में एक अलग स्थान रहा है। मां के बारे में उन्होंने कहा था, **'चलती फिरती हुई आंखों से अज़ां देखी है। मैंने जन्नत तो नहीं देखी है मां देखी है।'** अन्य पंक्तियां देखिए, **'इस तरह मेरे गुनाहों को वो धो देती है मां बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है।'** यह भी एक अजीब इत्तेफाक है कि इस साल जनवरी आई, और दुनिया से एक अजीम शख्सियत के चले जाने का दुख दे दिया। मुनव्वर राणा एक मकबूल आवाज थे। देश और दुनिया में भारत का नाम बुलंदियों पर ले जाने का काम मुनव्वर राणा साहब ने किया और वो कभी किसी तारीफ के मोहताज नहीं थे। उनका निधन देश को एक बहुत बड़ी क्षति है। उनका सारा जीवन उर्दू साहित्य की रचनाओं में ही बीता और रचनाओं के कारण उनको देश में ही नहीं विदेशों में भी शोहरत, मान-सम्मान, ख्याति हासिल हुई। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि वो अपनी शक्तिशाली और विचारोत्तेजक कविताओं के लिए जाने जाते रहे हैं जो सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों को संबोधित करती रही है। हिंदी व उर्दू दोनों पर उनकी शानदार पकड़ रही है। वैसे मुनव्वर राणा उर्दू साहित्य की दुनिया में एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने एक कवि के रूप में अपना कॅरिअर शुरू किया था और अपनी अनूठी शैली और शक्तिशाली भाषा के बूते जल्दी ही बड़ी पहचान हासिल कर ली। कहना गलत नहीं होगा कि मुनव्वर राणा की शायरी आंसुओं और तबस्सुम के मरक्कब (मिश्रण) से दिलों पर लिखी गई शायरी है। सच तो यह है कि **'मुनव्वर राना की शायरी उस मुकद्दस मां की तरह है, जिसकी छाती से उबलता हुआ दूध मसलक और मज़हब की कैद से आजाद हर नन्हें बच्चे के प्यासे होंठों तक पहुंचने के लिए बेताब है।'** वतन के बारे में वे एक स्थान पर लिखते हैं, **मदीने तक में हमने मुल्क की खातिर दुआ मांगी। किसी से पूछ लो, इसको वतन का दर्द कहते हैं।'** जानकारी देना चाहूंगा कि उन्होंने अपनी शायरियों में फारसी और अरबी के शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया और यह माना जाता है कि युवाओं के बीच में अपनी पैठ आसानी से बनाने के लिए मुनव्वर राणा ने ऐसा किया था। यहां यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि आज युवाओं के बीच में ही राणा की शायरियां बहुत अधिक लोकप्रिय हैं। 'मां' को लेकर तो उनकी अनेक शायरियां लोगों की जुबान पर अमर हो चुकी हैं। उदाहरण के तौर पर दो पंक्तियों को देखिए, **'किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सब से छोटा था मिरे हिस्से में मां आई।'** मां पर उनका एक अन्य शेर देखिए, **'अभी जिंदा है मां मेरी मुझे कुछ भी नहीं होगा, मैं घर से जब निकलता हूं दुआ भी साथ चलती है।'** मुनव्वर राणा के ये शेर सही मायनों में अमर हो चुके हैं। राणा ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने एक तरफ अपनी शायरियों से सही मायनों में मां का मतलब बताया, तो वहीं तल्ख टिप्पणियों से सियासी गलियारों में भी समय-समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने हर मिजाज की गज़लें लिखी थीं। उनकी नज्म की खूबसूरती का तो क्या कहना। उन्होंने नज्म 'सिंधु' में लिखा, **'सिंधु सदियों से हमारे देश की पहचान है, ये नदी गुजरे जहां से समझो हिंदुस्तान है। इस नदी को देश की हरेक कहानी याद है, इसको बचपन याद है, इसको जवानी याद है। ये कहीं लिखती नहीं है मुंह जबानी याद है, ऐ सियासत तेरी हरेक मेहरबानी याद है। ये नदी को कौन बतलाए ये पाकिस्तान है, ये नदी गुजरे जहां से समझो हिंदुस्तान है।'**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> *मुनव्वर राना की आत्मकथा-'मीर आकर लौट गया' में उन्होंने अपनी जिंदगी के कई पहलुओं के बारे में लिखा है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर वे शेर कहते हैं और लिखते हैं- 'किसी के ज़ख़्म पर चाहत से पट्टी कौन बांधेगा,अगर बहनें नहीं होंगी तो राखी कौन बांधेगा।' जानकारी देना चाहूंगा कि उन्होंने अपनी कविताओं के कई संग्रह प्रकाशित किए हैं, जिनमें "खाकान ए इश्क", "मैं नहीं मानता", "सर-ए-वादी-ए-सबा" और "बातें" शामिल हैं।*



---

**जलवायु परिवर्तन: मानवजनित गतिविधियों के परिणाम**

# पूरी दुनिया में बढ़ रहा है धरती का ताप



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *जैवमंडल में होने वाले विभिन्न प्राकृतिक कार्यों को बनाए रखने के लिए 50-50 फीसदी जमीन प्राकृतिक गतिविधियों और क्षेत्रों के लिए छोड़ने की जरूरत है, लेकिन हकीकत में केवल 40 फीसदी जमीन ही इसके लिए छोड़ी गई है। शोध पत्र में जल स्रोतों और नदियों के 20 फीसदी पानी के प्रवाह को बदलने की सिफारिश की गई है और पर्यावरणीय जरूरतों के लिए इनके 80 फीसदी पानी के प्रवाह को अपरिवर्तित छोड़ देना चाहिए, लेकिन असलियत में 34 फीसदी ही पानी का प्रवाह परिवर्तित किया जा रहा है।*

धरती तप रही है। धरती के दिनोंदिन तपने के कारण पूरी दुनिया के लोगों की सेहत और बहुतेरी असंख्य प्रजातियों का अस्तित्व खतरे में है। हालात सबूत हैं कि बीते नौ सालों में गर्मी से होने वाली मौतों के आंकड़ों में 85 फीसदी की बढ़ोतरी हुयी है। बदलते मौसम के मिजाज से जानलेवा संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। देखा जाये तो वायुमंडल में तापमान बढ़ाने वाली ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता ने साल 2022 में एक बार फिर एक नया रिकार्ड बनाया और सबसे बड़े दुख की बात यह है कि इस बढ़ती प्रवृत्ति पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो ग्रीनहाउस गैस में सबसे अधिक प्रभावशाली मानी जाने वाली कार्बन डाई आक्साइड यानी सीओ 2 की वैश्विक औसतन सांद्रता पहली बार 2022 में औद्योगिक काल से पूर्व 1850-1900 के स्तर से अधिक होकर 50 फीसदी अधिक हो गयी। फिर बदलते मौसम के मुताबिक गर्म समुद्रों ने विब्रियो बैक्टीरिया के प्रसार के लिए समुद्र तट के इलाके को साल 1982 के बाद से ही हर साल 329 किलोमीटर तक बढा दिया है। हकीकत में यह हर साल लोगों की बीमारी और मृत्यु का कारण बन रहा है। इस बदलाव के कारण रिकार्ड 1.4 अरब लोगों को डायरिया जैसे जानलेवा गंभीर रोग होने का अंदेशा है। इससे 2022 में 264 बिलियन डालर का आर्थिक नुकसान हुआ जो 2010 से 2014 की तुलना में 23 फीसदी ज्यादा है। विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में अरबों लोग जीवन और आजीविका की कीमत चुका रहे हैं। वहीं लाख कोशिशों के बावजूद कार्बन उत्सर्जन में कमी नहीं कर पा रहे हैं। जबकि 1981 से 2010 की तुलना में 2021 में 122 देशों में 12.7 करोड़ से अधिक लोगों को गंभीर खाद्य संकट का सामना करना पडा है। दि लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक अगर तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है तो अगले तीन दशकों में गर्मी से सम्बंधित मौतों में 370 फीसदी की वृद्धि होने का अंदेशा है जो मौजूदा संख्या से लगभग पांच गुना अधिक होगी।

विशेषज्ञों की मानें तो अभी भी दुनिया में प्रति सेकंड 1.327 टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जित हो रही है। इससे गर्मी की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। इसका परिणाम मौतों के बढ़ते आंकड़े के रूप में सामने आया है। यदि यही हाल रहा तो इससे 2050 तक सालाना गर्मी से होने वाली मौतों का आंकडा 4.7 गुणा बढ़ जाएगा। इसमें कुपोषण के मामले हीटबेव के चलते और तेजी से बढ़ेंगे। उस दशा में, जबकि मौजूदा हालात में 1.14 डिग्री सेल्सियस ताप भी स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। गौरतलब यह है कि जब जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के चलते तापमान बढ़ोतरी में प्राकृतिक प्रक्रिया की हिस्सेदारी केवल और केवल 0.04 डिग्री की ही है।

असलियत यह है कि मौजूदा समय में औद्योगीकरण से पूर्व की तुलना में तापमान बढ़ोतरी 1.32 डिग्री तक पहुंच चुकी है। जबकि सदी के अंत तक इसे 1.5 डिग्री तक सीमित रखने के प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि 2023 में ही यह 1.32 डिग्री तक बढ़ चुका है। 2023 अब तक का सबसे गर्म साल रहा है, इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता। हाल ही में जारी क्लाइमेट सेंट्रल की रिपोर्ट जो नेचर जर्नल में प्रकाशित हुई है, के अनुसार अलनीनो के प्रभाव के चलते समुद्र की सतह गर्म होने से इस साल यानी 2024 की गर्मी पर इसका असर दिखाई देगा। इससे 2024 के और भी ज्यादा गर्म होने का अनुमान है। क्योंकि, तापमान में अभी तक जो 1.32 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, उसमें 1.28 डिग्री की बढ़ोतरी के लिए मानव जनित गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं। इसमें ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, वनों का कटान होने से कार्बन सोखने की क्षमता में आयी बेतहाशा कमी की अहम भूमिका है। इस तरह तो प्राकृतिक कारणों एवं प्रक्रियाओं जैसे अलनीनो जैसे कारणों से जो गर्मी बढ़ी है, वह तो महज 0.04 डिग्री ही बढ़ी है। निष्कर्षतः मौजूदा तापमान बढ़ोतरी के लिए इंसान ही जिम्मेदार है। यहां यह जान लेना जरूरी है कि साल 1970 में धरती के औसत तापमान में महज .2 डिग्री की ही बढ़ोतरी हुई थी। जबकि तापमान बढ़ोतरी का आंकड़ा साल 2020 में बढ़कर एक डिग्री तक पहुंच गया। फिर कोरोना के बाद जीवाश्म ईंधन की खपत में हुई बढ़ोतरी को नजरंदाज करना बेवकूफी होगी। क्योंकि यह तापमान बढ़ोतरी का महत्वपूर्ण कारक है। दुनिया के वैज्ञानिकों और बहुत-सी एजेंसियों का मानना है कि यदि जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के प्रयास इसी ढर्रे पर चलते रहे तो इस सदी के अंत तक इस तापमान में बढ़ोतरी तीन डिग्री तक हो जाएगी, जिससे दुनिया को जलवायु आपातकाल का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसी स्थिति के लिए धरती को सुरक्षित रखने के जो आठ उपाय किए गए थे, उनकी नाकामी सबसे बड़ा कारण है। उनमें धरती का तापमान एक डिग्री सेलसियस बढ़ने से रोकना, कार्यात्मक अखण्डता, सतह के जलस्तर का उपयोग, भूजल स्तर घटने से रोकना, नाइट्रोजन और फास्फोरस का सीमित उपयोग और एयरोसोल का कम उत्सर्जन शामिल है। हकीकत में दुनिया की लगभग 52 फीसदी भूमि पर अतिक्रमण करके दो या उससे अधिक उपायों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप दुनिया की कुल आबादी का 86 फीसदी हिस्सा प्रभावित हुआ है। यही नहीं इससे भारत सहित दक्षिण एशिया के अन्य देश यूरोप और अफ्रीका के साथ-साथ हिमालय की तलहटी इन उपायों के उल्लंघन से हॉटस्पाट बन गई है। दरअसल, वायुमंडल, जलमंडल, भूमंडल, जीवमंडल और क्राथोस्फीयर और उनकी आपस में जुडी प्रक्रियाओं यथा कार्बन, पानी और पोषक चक्र पर निर्भर करते हैं। सच तो यह है कि इन्हें मानवीय गतिविधियों से सबसे ज्यादा खतरा है। ये भविष्य के विकास को प्रभावित कर सकते हैं। गौरतलब यह है कि अभी धरती को बढ़ते ताप से बचाने की दिशा में अभी आठवां उपाय जिसमें धरती के तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेलसियस तक रोकना शामिल है, का उल्लंघन नहीं किया गया है। इस बारे में पृथ्वी आयोग का मानना है कि जलवायु से जुड़े उपायों का उल्लंघन रोकना हिममंडल और जैवमंडल में होने वाली गतिविधियों पर आधारित है। यह ध्यान देने वाली बात है कि धरती का औसत तापमान एक डिग्री सेलसियस पहले ही बढ़ चुका है। यह 1.5 से दो डिग्री सेलसियस बढ़ने पर जलवायु प्रतिक्रियाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

---

व्यंग्य

# श्वान प्रेम बनाम इंसानियत



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मैं रोज सुबह की सैर पर जाता हूँ। वे मुझे रोज मिलते हैं। एक दिन मुझे उन्होंने रोका और बोले- "हमारे तो कल मुनिया की मौत हो गई।" यह कहते हुए वे लगभग रुआंसे हो गए। मैंने भी अपना चेहरा विषाद से भिगो दिया। वे पुनः बोले-"हॉस्पिटल में भी कोई व्यवस्था नहीं है। एमरजैंसी में कोई था ही नहीं। पता नहीं ईश्वर को क्या मंजूर था इलाज करवाया, लेकिन मुनिया को बचाया नहीं जा सका। कल से घर में मुर्दनी छाई है। कल तो किसी ने खाना भी नहीं खाया। आप हॉस्पिटल की अव्यवस्था के बारे में लिखिए। वहां तो बहुत मनमानी हो रही है।"

"मैं जरूर लिखूंगा। वैरी सॉरी सर, लेकिन यह सब हुआ कैसे ?" मैंने कहा।

वे बोले- "अभी तीन दिन पहले उसके "डिलेवरी" हुई थी। डिलेवरी बिगड़ गई। हम लोग फौरन उसे हॉस्पिटल लेकर आए तो एमरजेंसी खाली पड़ी थी, सब लोग "डॉग शो" में गए हुए थे।"

मैंने राहत की सांस ली "मुनिया" कोई मनुष्य नहीं उनकी कुतिया का नाम था। मैं परेशान था कि पता नहीं घर में कोई जन हानि हो गई है। लेकिन डॉग शो से बात स्पष्ट हुई। इसके कई माह बाद वे फिर बाग में मिले। बोले-"आपने पिंटू को देखा था?"

मैं बोला- "पिंटू, क्यों क्या हुआ पिंटू को?" "वह कल से मिल नहीं रहा है। कोतवाली में सूचना दे दी है, मुझे लगता है कोई उसे बहलाकर ले गया है। अभी बच्चा ही तो था। आप ध्यान रखिए जाते-आते कहीं दिख जाए तो मुझे बतलाना।"

"लेकिन मैंने तो पहले कभी पिंटू को देखा भी नहीं? कैसे पहचान पाऊंगा?"

"अभी दो माह का ही तो है। भूरे रंग पर बीच में लाल चकते वाले निशान हैं। आपने एक बार मेरी गोद में देखा भी होगा?"

मैं असलियत समझ गया कि पिंटू पिल्ला है और वे उसे लिये घूमते रहते थे। मैंने राहत की सांस लेकर कहा- "मैं जरूर देखूंगा उसे। हो सकता है जिसने चुराया हो वह कभी उसे लेकर बाग में ही आ जाए।" "इसीलिए तो मैं सबसे कह रहा हूँ कि वे उसका ध्यान रखें। सच व्यर्थ में बहुत नुकसान हो गया। बहुत प्यारा भी था वह। मुझे छोड़ता ही नहीं था।"

मैंने अंगभीर हो कर कहा- "आप ध्यान रखा करें। इस तरह तो बहुत नुकसान हो जाएगा आपको।" यह कहकर मैं पलट कर घर लौट गया।

इस घटना के कई माह बाद वे फिर सड़क पर मिल गए। दोनों हाथों में दो पिल्ले गोद में चिपकाए तथा तीन पीछे लिए जा रहे थे। उन्होंने ही आवाज दी- "आइए जरा।"

मुझे जाना पड़ा। मुझे पता था उनका श्वान प्रेम मुझे बुला रहा है, बोले- "ये सब फॉरेन नस्ल के हैं। बड़े महंगे हैं, कैसे लग रहा हैं आपको?"

मैं बोला- "बड़े प्यारे हैं, अब जानवर इंसान से भी दो कदम आगे पहुंच गया है शिष्टता में तो।"

वे थोड़ा गंभीर होकर बोले- "बड़ा ध्यान रखना पड़ता है। मुझे तो टाइम ही नहीं है। रिटायरमेंट के बाद से सारा समय इनमें ही बीत जाता है।"

"लेकिन आपका छोटे वाला बच्चा दो वर्ष से बी.ए. में फेल हो रहा है। थोड़ा उस पर भी तो ध्यान दिया करें।" "हां, उसकी भी चिन्ता तो है, लेकिन मुझे तो टाइम ही नहीं मिल पाता। क्या करूं।" अनमने से आगे निकल गये। मैं पलट कर घर।

बाद में एक बार मुझे वे हॉस्पिटल में मिले। कुत्तों के काटे के इंजेक्शन वाली क्यू में खड़े हुए दो पिल्ले में थे। उनका श्वान प्रेम अद्भुत था। दीन-दुनिया से बेखबर वे कुत्तों में डूब गये थे। गली, मोहल्ले, परिवार, समाज और देश में क्या हो रहा है, वे बेखबर थे। जरा सा गली के बच्चे उनके कुत्तों को छेड़ दें तो वे आग बबूला हो जाते। ऐसे भी वे क्या श्वान प्रेम के शिकार हुए कि इंसानियत को भी भुला बैठे तथा आदमी की दिनचर्या को विस्मृत कर दिया, लेकिन श्वान प्रेम ने उन्हें एकदम इंसानी जजबातों से अलग कर दिया था।

---

**नॉलेज कॉर्नर: आश्रम और मठ में क्या अंतर और क्या है इनका काम**

# आखिर क्यों करनी पड़ी अखाड़ों की स्थापना

हिंदू धर्म बहुत प्राचीन, सनातन और जीवन शैली के रूप में जाना जाता है। यह धर्म सहनशील, परोपकारी, दयावान, मैत्री और सद्भाव का पोषक तथा मनुष्य की पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। सभी धर्मों की भांति इसमें भी भाईचारे, मिलजुल कर रहने और दूसरों का सम्मान तथा बराबर का स्थान देने की बात कही गई है। वहीं धर्म की रक्षा, धर्म के प्रचार के लिए आश्रम, मठ और अखाड़ों की स्थापना की गई जो कई सदियों से चला आ रहे हैं। तीनों ही हिंदू धर्म और आस्था से जुड़े हुए हैं। जहां आश्रम में ऋषियों का निवास सदियों पुराना रहा है तो वहीं मठ और अखाड़ों की स्थापना उनके काफी समय बाद हुई है, लेकिन जब आप इन तीनों शब्दों को एकसाथ सुनते हैं तो आपके मन में भी सवाल उठता होगा कि आखिर इन तीनों के बीच अंतर क्या है। चलिए आज हम यही जानते हैं।

## क्या है तीनों में अंतर

आश्रम लोगों के एक छोटे समूह के लिए बनाई गई एक अस्थायी संस्था है। सामान्य तौर पर इनके अंदर पूजा की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं होती। आश्रम जीवन न केवल भिक्षुओं के लिए, बल्कि गृहस्थों के लिए भी होता है। आश्रमों में रहने वाले प्राचीन ऋषि विवाहित हुआ करते थे। वहीं मठ शंकराचार्य द्वारा शुरू की गई पूजा की स्थायी व्यवस्था वाली एक स्थायी संस्था है। उनका अनुसरण करते हुए अनके अनुयायी रामानुजाचार्य और माधवाचार्य ने भी मठों की स्थापना की। ये मठ लोगों के बीच धर्म का प्रचार करने वाले भिक्षुओं के लिए होते हैं। इसके अलावा अखाड़ा एक



अर्ध-स्थायी संस्था है जिसमें पूजा-पाठ की कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं होती। इसमें बहुत बड़ी संख्या में भिक्षुओं का एक समुदाय शामिल है जो लिखित नियमों का पालन नहीं करते हैं। इस तरह के मठों की स्थापना 16वीं शताब्दी में मधुसूदन सरस्वती ने की थी। आदि शंकराचार्य ने हिंदू धर्म की रक्षा और उनके प्रचार-प्रसार के लिए देश के चारों कोनों में चार मठ बनाए जो हैं, कर्नाटक के चिकमंगलूर में श्रृंगेरी मठ, ओडिशा के जगन्नाथपुरी में गोवर्धन मठ, गुजरात के द्वारकाधाम में शारदा मठ और उत्तराखंड के बद्रीनाथ में ज्योतिर्मठ। ये मठ चार वेदों के आधार पर स्थापित किए गए।

## शस्त्र विद्या में निपुण बनाना

माना जाता है कि प्राचीन काल में बौद्ध धर्म के बढ़ते वर्चस्व और मुगलों के आक्रमण से हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए आदि शंकराचार्य ने शस्त्र विद्या में निपुण साधुओं के कुछ संगठन बनाए और इन्हें अखाड़ा नाम दिया। इनके अलावा किन्नर अखाड़े को भी अब साधु परिषद से आधिकारिक मान्यता मिल चुकी है। 2019 के प्रयागराज कुंभ में किन्नर अखाड़े को आधिकारिक मान्यता दी गई थी। इस तरह अखाड़ों की आधिकारिक संख्या अब 14 हो चुकी है। साधुओं को अखाड़ों में अस्त्र-शस्त्र चलाने का अभ्यास करवाया जाता है। शाही सवारी, हाथी-घोड़े की सजावट, घंटा-नाद, नागा-अखाड़ों के करतब, तलवार और बंदूक का खुलेआम प्रदर्शन इन अखाड़ों की पहचान हैं।

**हिंदू धर्म के पहलू अलग-अलग**

*अखाड़ों, आश्रम और अखाड़े हिंदू धर्म के अलग-अलग पहलू होते हैं जिनमें धर्म को समर्पित ऋषि जीवन यापन करते हैं। आश्रम में रहने वाले ऋषि भगवान की पूजा पाठ में लीन रहते हैं और वहीं अपने परिवार के साथ रहते हैं तो वहीं मठ में गुरु द्वारा अपने शिष्यों को शिक्षा और उपदेश दिए जाते हैं।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

---



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
हर मन है प्रसन्न और प्रफुल्लित! शताब्दियों की अपूर्ण अभिलाषा अब कुछ दिनों में होंगी पूर्ण। प्रभु श्रीराम अब आएंगे! मात्र 6 दिन शेष!



### प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के वीरभद्र मंदिर में की पूजा-अर्चना, आज केरल के गुरुवयूर मंदिर पहुंचेंगे

# पूरा देश राममय, श्रीराम सामाजिक जीवन में सुशासन के प्रतीक: मोदी

एजेंसी | अमरावती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा समय में पूरा देश राममय हो चुका है। पूरा भारत उनकी भक्ति में डूबा है। भगवान राम सामाजिक जीवन में शासन सुशासन के प्रतीक हैं। भगवान राम का जीवन काफी व्यापक संदेश देता है। उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा, आस्था और भक्ति से बहुत आगे हैं।

पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश में के पालसमुद्रम में नेशनल एकेडमी ऑफ कस्टम और इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड नारककोटिक्स के नए परिसर का उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम आपके संस्थान के लिए भी बड़ी प्रेरणा हो सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि एनएसीआईएन आने वाले समय में देश में सुशासन के नए आयाम कायम करेगा। यह भारत में ट्रेड और कॉमर्स को बढ़ावा देगा। एनएसीआईएन को भारत को व्यापार और वाणिज्य के लिए एक मॉडर्न इकोसिस्टम उपलब्ध करवाना चाहिए।



## सुनीं रामायण की चौपाइयां

पीएम मोदी लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर पहुंचे और पूजा पाठ किया। साथ ही पीएम मोदी ने तेलुगु भाषा में रंगनाथ रामायण की चौपाइयां भी सुनीं। इससे पहले उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आंध्र प्रदेश व केरल के दो दिवसीय दौरे और कार्यक्रमों की जानकारी दी उन्होंने कहा, मैं 17 तारीख को मैं गुरुवयूर मंदिर, त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में प्रार्थना करूंगा और कोच्चि में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करूंगा जहां प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा।

## भगवान राम के जीवन से जुड़े हैं लेपाक्षी व वीरभद्र मंदिर

वीरभद्र मंदिर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिल में लेपाक्षी में स्थित है। यह मंदिर भगवान विष्णु, भगवान शिव और भगवान वीरभद्र को समर्पित है।16वीं शताब्दी में निर्मित मंदिर की वास्तुशिल्प विशेषताएं विजयनगर शैली में हैं। जिसमें मंदिर की लगभग हर सतह पर नक्काशी और चित्रकारी की गई है। मान्यता यह भी है कि यहां पर सबसे पहले मंदिर का निर्माण अगस्त्य ऋषि ने करवाया था। पक्षीराज जटायु और रावण में युद्ध हुआ था। रावण के प्रहार से जटायु यहीं गिरे थे। भगवान राम ने करुणा भाव से जटायु को गले से लगाया था। तब से इस स्थान का नाम लेपाक्षी हुआ है।

## बहुत अहम है पीएम का यह दौरा, दक्षिण की सीटों पर नजर

लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए भाजपा दक्षिण भारत पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वह दक्षिणी राज्यों में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए ही लगातार दक्षिणी राज्यों का दौरा कर रहे हैं।

## राजीव गांधी PM थे, तभी हो गया था शिलान्यास



**पुणे**। राकांपा के संस्थापक शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए 'शिलान्यास' तब किया गया था, जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। कर्नाटक के निपानी में एक सार्वजनिक सभा में में शरद पवार ने यह बात कही। पीएम मोदी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिन के उपवास पर जाने पर शरद पवार ने कहा, मैं राम में उनकी आस्था का सम्मान करता हूं, लेकिन अगर उन्होंने गरीबी खत्म करने के लिए उपवास करने का फैसला किया होता तो लोग इसकी सराहना करते।

## आतंकी पन्नू ने सीएम मान को दी धमकी

**चंडीगढ़**। घोषित आतंकवादी जीएस पन्नू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को धमकी दी है। उसने पंजाब के 'गैंगस्टर' से प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) में शामिल होने को कहा है। इसके अलावा मान समेत अन्य शीर्ष नेताओं को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने से रोकने के लिए कहा है। इसी के साथ पन्नू ने पंजाब के मुख्यमंत्री मान और पुलिस महानिदेशक गौरव यादव को परोक्ष रूप से धमकी दी। पन्नू ने कुछ पत्रकारों को एक ईमेल और दो वीडियो भी भेजे हैं। पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर कहा कि पन्नू और उसके संगठन ने पहले भी धमकियां जारी की हैं। पंजाब में सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों की 'कड़ी सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरती गई है।

### कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने भाजपा पर सियासी हमला किया तेज

# प्राण प्रतिष्ठा को मोदी व संघ का कार्यक्रम बना दिया गया: राहुल

एजेंसी | कोहिमा/नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा पर सियासी हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं आरएसएस का कार्यक्रम बना दिया गया है और यही कारण है कि पार्टी के प्रमुख नेताओं ने इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की स्थिति बहुत अच्छी है और वह इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करेगा।

राहुल गांधी ने कहा, 'हम सभी धर्मों के साथ हैं। हिंदू धर्म से जुड़े सबसे प्रमुख लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए हैं कि यह एक राजनीति कार्यक्रम है। इसलिए हमारे लिए ऐसे किसी कार्यक्रम में जाना बहुत मुश्किल है जिसे प्रधानमंत्री और आरएसएस की इर्द-गिर्द तैयार किया गया है। हालांकि राहुल गांधी का कहना था कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी व्यक्ति, जो भी दर्शन के लिए जाना चाहता है, वो जा सकता है।



## देश को देंगे एक वैकल्पिक विजन

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर कर लिखा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से हम देश के समक्ष एक वैकल्पिक विजन रख रहे हैं। एक तरह नफरत और अन्याय की विचारधारा है और दूसरी तरफ भाईचारे और न्याय की। उन्होंने आगे कहा, जहां देश के संसाधनों पर सिर्फ कुछ लोगों का कब्जा है, वहां हम सबकी हिस्सेदारी चाहते हैं। यह तभी संभव है जब हम राजनीति का धर्म निभाएं। धर्म की राजनीति न करें। हमारे धार्मिक आदर्शों का उपयोग राजनीतिक फायदे के लिए नहीं, एक न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए हो इसी में देश का हित है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे पर राहुल ने कहा कि सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है। यह कोई मुद्दा नहीं है, इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा।

## राहुल 22 को जा सकते हैं कामाख्या मंदिर

इस बीच, कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि 22 जनवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी असम में स्थित शिव मंदिर और कामाख्या मंदिर जा सकते हैं। इस समय राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा नगालैंड में है।

### प्राण प्रतिष्ठा हमारा नहीं, धर्माचार्यों का काम

# 22 को कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना व सद्भाव रैली

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को एक सद्भाव रैली निकालने की घोषणा की है। हालांकि भाजपा ने इसको लेकर ममता पर निशाना साधा है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रैली के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम को राजनीतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक तनाव भड़काने से बचना चाहिए।

ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य सचिवालय में एक प्रेस वार्ता में कहा, 22 जनवरी को मैं कालीघाट मंदिर जाऊंगी और पूजा करूंगी। फिर मैं सभी धर्मों के लोगों के साथ एक सद्भावना रैली में हिस्सा लूंगी। इसका किसी अन्य कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की ओर से आयोजित किया जाने



वाला मार्च पार्क सर्कस मैदान तक चलेगा। उससे पहले यह मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों समेत विभिन्न धर्मों के उपासना स्थल से होकर गुजरेगा।

ममता ने टीएमसी कार्यकर्ताओं से राज्य के सभी जिलों में इसी तरह की रैलियां आयोजित करने के लिए कहा है। सीएम ने कहा, प्राण प्रतिष्ठा करना हमारा काम नहीं है, यह धर्माचार्यों का काम है। हमारा काम बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

### शर्मिला आंध्र कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त

# मुख्यमंत्री जगन रेड्डी को चुनाव में बहन ही देंगी सियासी चुनौती

■ राज्य में लोकसभा के साथ ही होने वाले हैं विधानसभा चुनाव



एजेंसी | नई दिल्ली /हैदराबाद

कांग्रेस ने आंध प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के लिए मंगलवार को एक अहम कदम उठाया। पार्टी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वर्तमान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला को पार्टी की राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मिला इस महीने की शुरुआत में कांग्रेस में शामिल हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा था। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को शर्मिला को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की जानकारी दी है। पार्टी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी। पार्टी ने बताया, 'कांग्रेस अध्यक्ष ने वाईएस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गिदुगु रुद्र राजू को कांग्रेस कार्यसमिति का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। राजू ने 15 जनवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। समझा जात है कि राजू ने इस्तीफा आलाकमान के इशारे पर दिया था। पार्टी ने पहले ही शर्मिला की ताजपोशी की पटकथा लिख ली थी।

## कांग्रेस आंध्र प्रदेश को लेकर उत्साहित


पिछले साल नवंबर में तेलंगाना विधानसभा चुनावों में मिली जीत से कांग्रेस पार्टी के नेता उत्साहित हैं और उनको आंध्र प्रदेश में भी पार्टी की जीत की संभावनाएं नजर आ रही हैं। आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ इस साल अप्रैल-मई में संभावित हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद शर्मिला ने पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की अहम बैठक

# रणनीति पर मंथन, गांवों में जाएंगे नेता

एजेंसी | आइजोल

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव तैयारियों में जुटी भाजपा की मंगलवार को अहम बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में सभी 543 लोकसभा सीट पर प्रचार अभियान की रूपरेखा पेश की गई तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार दक्षिण भारत, बंगाल और बिहार आदि को लेकर बूथ स्तर तक विशेष रणनीति बनाई गई है। पार्टी नेता विभिन्न मतदान समूहों से जुड़ने के लिए 'गांव चलें' अभियान के हिस्से के रूप में गांवों में जाएंगे। बैठक में पहली



बार के वोटरों, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, अन्य पिछड़ा वर्ग), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, युवाओं और महिलाओं को साधने की रणनीति पर भी जोर दिया गया। बैठक में चुनाव प्रबंधन से जुड़े 300 कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने



के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया और उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान भारत का वैश्विक कद कई गुना बढ़ा है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के विचार के इर्द-गिर्द देश को केंद्रित किया है जबकि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी बड़ा बढ़ावा मिला है।

## नड्डा ने पार्टी विस्तार पर दिया जोर

नड्डा ने अपनी टिप्पणी में पार्टी नेताओं से देश भर में पार्टी का और विस्तार सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नेताओं को यह देखना चाहिए कि पार्टी को उन राज्यों में अधिक सीटों पर जीत हासिल हो, जहां 2019 में उसे सीमित सफलता मिली थी। उन्होंने कहा, हम न केवल भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे बल्कि अपने सहयोगियों की भी जीत सुनिश्चित करेंगे, जहां से वे चुनाव लड़ेंगे।

### एफआईआर रद्द करने की मांग

# पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर CJI करेंगे सुनवाई

एजेंसी | नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ सुनवाई करेंगे। दरअसल दो जजों की पीठ ने याचिका पर अलग-अलग फैसला दिया। जिसके बाद पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है। याचिका में नायडू ने स्किल डेवलेपमेंट घोटाले मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को जब पीठ ने फैसला सुनाया तो दोनों जजों ने अलग-अलग फैसला दिया और उनके फैसले में सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के पास भेज दिया है।

## इस बात पर जजों में नहीं बनी सहमति

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के लागू होने को लेकर सहमत नहीं हो सकी। इस धारा के तहत जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेने का प्रावधान है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस का मानना था कि नायडू के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले मंजूरी ली जानी चाहिए थी। वहीं जस्टिस बेला त्रिवेदी का मानना था कि इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए लागू नहीं होती है।

**अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा**

# धार्मिक अनुष्ठान शुरू, सोमनाथ से लाया गया आठ कुंडों का पवित्र जल

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की रस्में मंगलवार से शुरू हो गई हैं. 22 जनवरी तक रोज अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठान होंगे और इस वक्त पूरे देश में धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। 16 जनवरी से 22 जनवरी तक का धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

मंगलवार को हुए कार्यक्रमों में सरयू तट पर दशविध स्नान आदि शामिल है। इस बीच, सोमनाथ से भगवान राम के लिए विशेष उपहार भेजे गए हैं। प्राणप्रतिष्ठा के लिए 8 विशेष कुंडों का जल लाया गया है। इस जल से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र 11 दिनों तक नियम-संयम का पालन करेंगे। वे दस दिनों तक सिला हुआ सूती वस्त्र नहीं पहनेंगे। स्वेटर, ऊनी शॉल, कंबल धारण कर सकेंगे। केवल फलाहार करेंगे। रात्रि आरती के बाद सात्विक भोजन, सेंधा नमक का इस्तेमाल करेंगे। जमीन पर कुश के आसन पर सोएंगे।

अन्य कई कठोर नियमों का उन्हें पालन करना होगा। उन्होंने यह नियम-संयम मकर संक्रांति से शुरू भी कर दिया है। डॉ.अनिल मिश्र श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र



ट्रस्ट के सदस्य हैं। इस बीच, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य अर्चक लक्ष्मीकांत दीक्षित ने मंगलवार को वाराणसी से अयोध्या रवाना होने से पहले कहा कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आयोजन के मुख्य यजमान पीएम मोदी ही होंगे।

## 17 जनवरी

- रामलला की मूर्ति को शोभा यात्रा में ले जाया जाएगा।
- शोभा यात्रा में भक्त मंगल कलश में सरयू का जल ले जाएंगे।



## 108 फुट लंबी अगरबत्ती जलाई

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महंत नृत्य गोपाल दास ने मंगलवार को गुजरात से यहां लाई गई 108 फुट लंबी अगरबत्ती जलाई। दास ने श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच जय श्री राम के नारे लगाते हुए अगरबत्ती को जलाया। दावा किया गया कि अगरबत्ती की सुगंध 50 किमी तक दूर तक महकेगी। इस अगरबत्ती का वजन 3,610 किलो है, जिसे गुजरात के वडोदरा से यहां लाया गया है. अगरबत्ती को तैयार करने के लिए गाय के गोबर, घी, सार, फूलों के अर्क और जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया गया. यह लगभग डेढ़ महीने तक जल सकती है।

## विराट-अनुष्का को मिला निमंत्रण

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला। मंगलवार को कोहली के घर राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े लोग पहुंचे।

## जरूरी खबर

### कूनो से फिर बुरी खबर, चीता 'शौर्य' की मौत



**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आए एक और चीता की मौत हो गई है। इसका नाम 'शौर्य' बताया गया है। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। प्रोजेक्ट चीता के तहत सितंबर 2022 में आठ चीतों को नामीबिया से और 2023 की शुरुआत में 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। अब तक 10 चीतों की मौत हो चुकी है। आखिरी बार कूनो में चीता की मौत की खबर दो अगस्त 2023 को आई थी। उसके छह महीने बाद अब यह बुरी खबर आई है। अब कूनों में चीतों की तादाद घटकर 14 हो गई है। इसमें चार शावक भी शामिल है।

### तहरीक मामले में न्यायाधिकरण करेगा फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम न्यायाधिकरण का गठन किया है। अधिकरण यह तय करना है कि जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत को गैरकानूनी घोषित करने के लिए पर्याप्त आधार हैं या नहीं। इसे दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी ने साल 2004 में एक सियासी दल के रूप में स्थापित किया था। गृह मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना जारी की थी।

### मानहानि मामले की कार्यवाही पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणियों के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने गुजरात हाई कोर्ट से आम आदमी पार्टी नेताओं द्वारा निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने को कहा। पीठ ने कहा कि इस बीच, ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही पर रोक रहेगी।

## कॉस्टगार्ड ने श्रद्धालुओं को बचाया



कोलकाता। भारतीय तटरक्षक ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के काकद्वीप में एक नौका में फंसे 182 श्रद्धालुओं को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। वाणिज्यिक जहाज सागर द्वीप पर गंगा सागर मेले से लगभग 400 श्रद्धालुओं को लेकर काकद्वीप आ रहा था लेकिन दृश्यता बेहद कम होने के कारण जहाज दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बाद में तटरक्षक बल ने फंसे हुए यात्रियों को निकाला।

## पूर्व CJI रंजन गोगोई को असम वैभव पुरस्कार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को घोषणा की कि देश के पूर्व सीजेआई और राज्यसभा के सांसद रंजन गोगोई को असम वैभव पुरस्कार दिया जाएगा। हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। सरमा ने कहा कि सीजेआई के पद पर आसीन होने वाले उत्तर पूर्व से पहले जस्टिस रंजन गोगोई को राज्य का सर्वोच्च सम्मान 10 फरवरी को दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गोगोई कई अहम फैसलों का हिस्सा रहे हैं। गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में अयोध्या में राम मंदिर को लेकर निर्णय दिया था। साथ ही कोर्ट ने अयोध्या में मस्जिद के निर्माण के लिए पांच एकड़ का वैकल्पिक भूखंड मुहैया कराने का आदेश दिया था।

### कोहरे के कहर पर नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया के निर्देश


# दिल्ली समेत छह मेट्रो एयरपोर्ट पर बनेंगे वॉर रूम, SOP जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में कोहरे के कारण कई उड़ानों में देरी और यात्रियों की परेशानी की खबरों के बीच नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली सहित देश सभी 6 मेट्रो हवाई अड्डों पर वॉर रूम करने की घोषणा की है। ये वॉर रूम हवाई अड्डों और एयरलाइन ऑपरेटरों द्वारा स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इन हवाई अड्डों पर चौबीसों घंटे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहें। उन्होंने एयरलाइन्स के लिए 6 नए निर्देश जारी किए।

ज्ञात रहे कि कोहरे के कारण उड़ान में देरी के बीच एक यात्री द्वारा इंडिगो के पायलट से मारपीट और इंडिगो के एक विमान के यात्रियों के मुंबई हवाई अड्डे के 'टरमैक' पर बैठने की घटनाएं सामने आई हैं। इन्हीं कुछ घटनाओं को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी कीं। सिंधिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सभी छह मेट्रो हवाई अड्डों के लिए प्रतिदिन तीन बार घटनाओं के संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। यात्रियों की असुविधा के संबंध में किसी भी मुद्दे के तुरंत समाधान के लिए छह मेट्रो हवाई अड्डों पर एयरलाइन संचालकों और हवाई अड्डों द्वारा 'वॉर रूम' स्थापित किए जाएंगे। ज्ञात रहे कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता मेट्रो हवाई अड्डे हैं।





#### उठाए गए ये कदम

- देश के 6 मेट्रो एयरपोर्ट पर वॉर रूम बनेंगे
- सभी एयरपोर्ट पर CISF की पर्याप्त तैनाती
- चौबीसों घंटों यात्रियों की सुरक्षा में रहेंगे तैनात
- सभी 6 मेट्रो शहरों से एयर सर्विस से जुड़ी रिपोर्ट मंगाई जा रही
- DGCA के निर्देशों के कार्यान्वयन पर भी रिपोर्ट मंगाई जा रही

#### हवाई अड्डे पर सीएटी-3 प्रणाली चालू

दिल्ली हवाई अड्डे के संबंध में, मंत्री ने कहा कि रनवे आरडब्ल्यूवाई 29एल पर मंगलवार को सीएटी-3 प्रणाली चालू कर दी गई। सिंधिया ने कहा कि हवाई अड्डे पर सीएटी-3 के रूप में आरडब्ल्यूवाई 10/28 का परिचालन 'री-कार्पेटिंग' कार्य के बाद किया जाएगा। वर्तमान में, दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार में से तीन रनवे चालू हैं। सिंधिया बोले डीजीसीए के निर्देशों और एसओपी के कार्यान्वयन की निगरानी की जाएगी तथा नियमित रूप से जानकारी ली जाएगी।

## इंडिगो व मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी

### यात्रियों के रनवे पर बैठकर खाना खाने पर लिया संज्ञान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों के रनवे पर बैठकर खाना खाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइंस और मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस के मुताबिक, एयरलाइंस और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) हालात का अंदाजा लगाने और हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए समुचित सुविधा की व्यवस्था करने में विफल नजर आए। यात्रियों को टर्मिनल पर रेस्ट रूम और रिफ्रेशमेंट सरीखी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं दी गई थीं।

कई यात्रियों ने इसी को लेकर सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो शेयर किए और इंडिगो मैनेजमेंट से शिकायत की। इस मामले में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुद संज्ञान लिया है। सिंधिया ने सोमवार आधी रात में मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने कारण बताओ नोटिस जारी किए।

इंडिगो ने नोटिस मिलने पर कहा कि उसने पहले ही इस मामले में आंतरिक जांच शुरू कर दी है और प्रोटोकॉल के अनुसार नोटिस का जवाब दिया जाएगा।

#### हवाई अड्डों पर होंगे वॉर रूम

विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक उड़ान संचालन में कोहरे के कारण होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए छह-सूत्रीय कार्य योजना की घोषणा की है। इन दिनों कोहरे की वजह से सैकड़ों उड़ानें देरी से चल रही हैं या रद्द हो गईं हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, सिंधिया ने कहा, यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए एयरलाइंस को जारी किए गए नए एसओपी या मानक संचालन प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार की गई है। सिंधिया ने कहा कि सरकार के पास सभी छह मेट्रो शहरों के हवाई अड्डों की दैनिक रिपोर्ट है, साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के निर्देशों के कार्यान्वयन की रिपोर्ट भी है।

### ज्ञानवापी केस

## SC ने दी वजूखाने की सफाई की अनुमति

■ हिंदू पक्ष कर रहा है वहां शिवलिंग होने का दावा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में मंगलवार को मस्जिद परिसर में स्थित वजूखाना की सफाई की अनुमति दे दी है। ज्ञात रहे कि हिंदू पक्ष ने वजूखाने में शिवलिंग होने का दावा किया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सफाई कार्य जिलाधिकारी की देखरेख में होना चाहिए। दरअसल, हिंदू पक्ष ने याचिका में वजूखाने को खोलकर वहां सफाई की मांग की थी। वजूखाने में शिवलिंग जैसी रचना मिलने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जगह सील की गई थी।



#### अखिलेश-औवेसी के खिलाफ सुनवाई 20को

उधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ याचिका पर 20 जनवरी को सुनवाई होगी। दोनों नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की गई है। अखिलेश और ओवैसी पर ज्ञानवापी को लेकर अपने बयान से हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने का आरोप है।

## जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर का आज होगा उद्घाटन

**एजेंसी** | ओडिशा

ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में श्री मंदिर परिक्रमा का उद्घाटन 17 जनवरी को होगा। इसे जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर के रूप में भी जाना जाता है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इसका उद्घाटन करेंगे। इस पर 945 करोड़ रुपए की लागत आई है। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए देशभर के 90 मंदिरों और संस्थानों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन के बाद यह कॉरिडोर आम जनता के लिए खुला रहेगा। इसमें श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन भवन, श्री मंदिर स्वागत केंद्र, जगन्नाथ सांस्कृतिक केंद्र, समुद्र तट विकास, पुरी झील, नदी पुनरुद्धार योजना जैसी उप-योजनाएं शामिल हैं। चार धाम यात्रा में ओडिशा का जगन्नाथ पुरी मंदिर भी शामिल है। इस मंदिर में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा की पूजा की जाती है। इस बीच, ओडिशा और देश के अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है।



### OpenAI का बड़ा ऐलान

# चुनाव अभियानों में अब नहीं किया जा सकेगा एआई का इस्तेमाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आम चुनाव से पहले अमेरिका के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अनुसंधान संगठन ओपनएआई ने कहा कि वह एआई का इस्तेमाल चुनावी अभियानों में नहीं करने देगा और भ्रामक डीपफेक और चैटबॉट के जरिए उम्मीदवारों के प्रतिरूपण को रोकने के लिए काम करना जारी रखेगा। इस साल भारत में आम चुनाव के अलावा अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और ब्रिटेन में संसदीय चुनाव होने हैं। एक ब्लॉग पोस्ट में सैम अल्टमैन के नेतृत्व वाली कंपनी ने कहा कि उसने आगामी चुनावों के दौरान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने में चैटजीपीटी और डल-ई एआई जैसी एआई आधारित प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को रोकने के लिए कई नीतिगत बदलाव किए हैं। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में 2024 में चुनावों की तैयारी कर रहे हैं और ऐसे में हमारा दृष्टिकोण मतदान संबंधी सटीक जानकारी देने, तय नीतियों को लागू करने और पारदर्शिता में सुधार करते हुए अपने प्लेटफार्म की सुरक्षा को बनाए रखना है। चुनावों की शुचिता की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के हर कोने से सहयोग की आवश्यकता होती है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी प्रौद्योगिकी का उपयोग इस तरह से न किया जाए जो इस प्रक्रिया को कमजोर कर दे। हम चाहते हैं कि एआई प्रणाली का निर्माण, क्रियान्वयन और इस्तेमाल सुरक्षित हो।



OpenAI

#### राजनीतिक प्रचार के लिए उपयोग की अनुमति नहीं

ओपनएआई ने कहा कि वह अपनी तकनीक को राजनीतिक प्रचार और लॉबींग के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति देगा। कंपनी उन चैटबॉट्स के निर्माण पर भी रोक लगा रही है जो वास्तविक लोगों (उम्मीदवारों) या स्थानीय सरकारों का दिखावा कर सकते हैं। सैन फ्रांसिस्को स्थित ओपनएआई स्टार्टअप ने कहा कि वह उन अनुप्रयोगों को भी अनुमति नहीं देगा जो लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकेंगे जैसे मतदाताओं को हतोत्साहित करना या योग्यता को गलत तरीके से प्रस्तुत करना होगा।

#### डैल-ई से जेनरेट इमेज का पता लगाने के लिए होंगे टूल

ओपनएआई ने यह भी घोषणा की है कि वह यूजर्स को डैल-ई से जेनरेट इमेजेस का पता लगाने में मदद करने के लिए एक प्रोवेंस क्लासिफायर लागू करेगा। कंपनी ने कहा कि उसका नया टूल जल्द ही पत्रकारों और शोधकर्ताओं सहित परीक्षकों के पहले समूह के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

#### लोगों की छवि के प्रतिरूपण संबंधी आवेदन किए खारिज

प्रौद्योगिकी के दुरूपयोग को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में जानकारी देते हुए ओपनएआई ने कहा कि वह दुरूपयोग का पूर्वानुमान लगाने और उसे रोकने जैसे कि भ्रामक डीपफेक और प्रभावित करने वाले अभियान या चैटबॉट द्वारा उम्मीदवारों के प्रतिरूपण को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए डल-ई ने ऐसे आवेदनों को खारिज करने के लिए सुरक्षा मानक तय किए हैं जहां उम्मीदवारों सहित वास्तविक लोगों की छवि पैदा करने की अनुमति मांगी जाती है। ओपनएआई ने कहा, जब तक हम अधिक जानकारी नहीं जुटा लेते हैं, हम लोगों को राजनीतिक अभियान या लॉबिंग के लिए आवेदन तैयार करने की अनुमति नहीं देंगे।

### फिक्की फ्लो की ओर से 'द आर्ट ऑफ हैबिट्स' टॉपिक पर हुआ सेशन

# एआई की बजाय खुद के दिमाग को प्रशिक्षित करने की जरूरत







बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स को गौरांग दासजी ने मोटिवेट किया और प्रेरक बातों से कई उदाहरण देते हुए मार्गदर्शन किया। मौका था फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से द आर्ट ऑफ हैबिट्स टॉपिक पर सेशन का, जिसमें फ्लो मैंबर्स ने हिस्सा लिया और सवाल-जवाब किए। गौरतलब है गौरंगा दास को उनकी प्रेरक बातों के लिए जाना जाता है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए आध्यात्मिक ज्ञान को व्यावहारिक अंतर्दृष्टि के साथ मिश्रित करती हैं।

इस मौके पर एफएलओ चेयरपर्सन नेहा ढड्डा ने कहा, कि डिजिटलीकरण के युग में हम सभी अपने उपकरणों की स्क्रीन से चिपके हुए हैं और एआई, इंटरनेट और क्लिक पर उपलब्ध जानकारी के साथ मस्तिष्क को लगातार संसाधित कर रहे हैं। ऐसे में हमें जरूरत है, कि अपने दिमाग को प्रशिक्षित करें।

#### गहरी जागरूकता सबसे जरूरी

दूसरी ओर महाराज ने जागरूकता और स्वस्थ आदतों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा, कि वह दैनिक जीवन में सावधानी और जागरूकता के महत्व पर जोर देते हैं। इसमें क्षण में मौजूद रहना और अपने विचारों और कार्यों के बारे में गहरी जागरूकता पैदा करना शामिल होता है। उन्होंने सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित किया और सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा दिया। इसमें चुनौतियों को विकास के अवसरों के रूप में फिर से परिभाषित करना और आशावादी दृष्टिकोण बनाए रखना शामिल था।

#### मानसिकता परिवर्तन जरूरी


उन्होंने कहा, कि सकारात्मक और विकासोन्मुखी मानसिकता विकसित करें। चुनौतियों को दुर्गम बाधाओं के रूप में देखने के बजाय उन्हें विकास और सीखने के अवसरों के रूप में देखें। परिप्रेक्ष्य में यह बदलाव आपको लचीलेपन के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाता है। बड़ी चुनौतियां भारी पड़ सकती हैं। उन्हें छोटे और अधिक प्रबंधनीय कार्यों में विभाजित करें। एक समय में एक कदम उठाने से अपनी ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें। जैसे-जैसे प्रगति करेंगे तो गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रेरित बने रहने के लिए छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाना जरूरी है। गौरांग दासजी ने रिश्तों के महत्व और करुणा के अभ्यास के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, कि सार्थक संबंध बनाना और सहानुभूति पैदा करना ऐसे विषय हैं, जिन पर बातचीत के दौरान ही चर्चा की जा सकती है।

## जरूरतमंदों को 50 किट वितरित




**बेधड़क. जयपुर।** जरूरतमंद लोगों को 50 किट वितरित करते हुए सेवा काम किया गया। विघ्नहर्ता वेल बीइंग फाउंडेशन की ओर से इन किटों में खाद्य सामग्री, वस्त्र और अन्य आवश्यक सामान शामिल किए गए। कार्यक्रम में संस्था की निदेशक प्रेरणा ए जैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य हैं, हम त्योहार पर सभी को खुश रखें और उनकी जरूरतें पूरी करें। हम आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। हम सभी से अपेक्षा करते हैं कि वह हमारे इस उद्देश्य को समर्थन दें और हमारी संस्था को मदद करें।

## आज करेंगे वृहत विधान



**बेधड़क, जयपुर।** जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मन्दिर जी में चावल से निर्मित नयनाभिराम मंडल में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सान्निध्य में बुधवार को वृहत विधान होगा।

## एक्सपर्ट्स करेंगे मार्गदर्शन





**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर एजुकेशन समिट (जेईएस) का 5वां संस्करण 20 से 24 जनवरी तक होगा। 5 दिवसीय सेमिनार में हर दिन 20 से अधिक सेशंस रखे जाएंगे, जिसमें हजारों युवा शामिल होंगे। सेमिनार ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड पर होगी, जिसका रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर निःशुल्क है। समिट में सोशल वर्किंग, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, मोटिवेशनल, साइबर सिक्योरिटी, कुकिंग, टैलेंट हंट जैसे सेशंस होंगे। शुरुआत शनिवार सुबह 9 बजे से होगी, जिसमें जयपुर एजुकेशन समिट के फाउंडर व मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील नारनौलिया, पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल, प्रो. (डॉ.) गौरव कटारिया और डॉ. महेंद्र मधुप मंच को संबोधित करेंगे।

## City इवेंट्स

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में पौषबड़ा



**बेधड़क, जयपुर।** दिल्ली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में संत सम्मेलन के साथ पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लेते हुए भक्तिमय माहौल बनाया। मंदिर महंत रामरज दास महाराज ने बताया कि दोपहर 12 से 2 बजे तक संत सम्मेलन में अक्षयपात्र धाम की मंडली ने कीर्तन किया, जिससे भक्त रोमांचित हो उठे। इसके बाद संतों का सम्मान किया गया। प्रसादी में आमजन ने पंगत में पौषबड़ा प्रसादी ली और जयघोष के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

### मैराथन कैलेंडर आज होगा लॉन्च

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स अल सुबह कदम ताल करते हुए मैराथन का हिस्सा होंगे। इसके लिए 4 फरवरी को 15वीं एयू जयपुर मैराथन आयोजित की जाएगी, जिसका इवेंट कैलेंडर बुधवार को लॉन्च किया जाएगा। साथ ही मेराथन के पदाधिकारी रन की पूरी जानकारी देते हुए योजना बताएंगे।

### एक हजार यूनिट ब्लड किया डोनेट



बेधड़क, जयपुर। जरूरतमंदों के लिए 1000 से ज्यादा यूनिट ब्लड डोनेट किया। साथ ही नागरिक अभिनंदन समारोह मनाया गया, जिसमें ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा को जयपुर देहात के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में 101 युवाओं ने 251 मीटर का साफा बांधा। राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित मंत्री, विधायकों ने शुभकामनाएं दीं। गब्बर कटारा ने बताया कि सुरेश मिश्रा के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में संस्कृति संस्था के संरक्षक एडवोकेट एचसी गणेशिया, नरवर आश्रम सेवा समिति के बीएम शर्मा, राजपूत करणी सेना के संदीप गुढा, फोर्टी के आरएस मित्तल, वैश्य आरक्षण मंच अध्यक्ष चित्रा गोयल, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नवीन सक्सेना, कथावाचक आचार्य राजेश्वर ने मिश्रा का अभिनंदन किया।

### गोशाला के वार्षिकोत्सव में गो सेवकों का सम्मान

## क्रांतिवीरों के सपनों का श्रेष्ठ... स्वस्थ और समृद्ध भारत बनाएं




बेधड़क | जयपुर

गोपूजन करके अनूठा गोशाला वार्षिकोत्सव मनाया गया। मौका था सीकर रोड स्थित श्रीसांई गोशाला के वार्षिकोत्सव समारोह का, जिसमें सीता कंवर ने गोपूजन और गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि उम्मेद सिंह राठौड़ थे।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह शिक्षाविद् बृजमोहन कारगवाल ने भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। समाजसेवी सत्यप्रकाश जाखड़, पतंजलि जिला योग प्रचारक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने अमर क्रांतिवीरों के ख्वाबों का श्रेष्ठ स्वस्थ, समृद्ध और स्वच्छ भारत बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर गौशाला सचिव भंवरलाल गोस्वामी, प्रवीण दीक्षित, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम केडिया, डॉ. गोपीकृष्ण निमीवाल, दलीप धरू, इंदुकुमार मरोलिया, गायत्री और स्नेहा ने गौशाला संचालन में सहयोगी सेठ रामेश्वरलाल धर्माणी, रामगोपाल केडिया, पुरुषोत्तम केडिया, बाबूलाल मोहता, शंकर लाल सोनी, भगवान सिंह भाटी, श्याम सिंह राठौड़, नारायण प्रसाद जांगिड़, पर्यावरण प्रेमी परमानंद हलवाई, डूंगरराम प्रजापति, रामदूत फाउंडेशन कोलकाता के धीरज कुमार भोजक का सम्मान किया। साथ ही कल्चरल प्रोग्राम आयोजित किए गए, जिसमें प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखाई दी।

### जयकारों के साथ रवाना हुआ धार्मिक यात्रा दल

## जीओ और जीने के संदेश के साथ अहिंसा का करेंगे प्रचार



बेधड़क | जयपुर

जैन युवा व महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के बैनर तले धार्मिक यात्रा दल मध्य प्रदेश के कुण्डलपुर के लिए रवाना हुआ।

युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दल को समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। यात्रा दल के संयोजक रमेश बाकलीवाल व मनोज सोगानी पहाड़ी वाले के मुताबिक यात्रा दल जयपुर से रवाना होकर दमोह पहुंचेगा, जहां से बुधवार को बसों से सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर जाएंगे। वहां मूलनायक भगवान आदिनाथ बड़े बाबा व मन्दिर दर्शन करते हुए मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक करेगें।

इसके बाद विश्व में अमन चैन व सुख शांति की कामना के साथ शांतिधारा करेंगे। सहसंयोजक चेतन जैन निमोड़िया व नरेश बाकलीवाल ने बताया कि दल के सदस्य अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना करेंगे। यात्रा के दौरान सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर अतिशय क्षेत्र गढ़ा कोटा में मंदिरों के दर्शन लाभ व क्षेत्र की वंदना करेंगे।

अतिशय क्षेत्र पथरिया में आचार्य विराग सागर महाराज के मुनिसंघों के दर्शन कर आरती का पुण्यार्जन करेंगे। दमोह स्थित मंदिरों के दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### प्रसादी वितरण सेवा — जय श्री राम के नारे लगाते हुए अयोध्या के लिए हुए रवाना

# सेवादल 3 महीने तक करेगा प्रसादी वितरण का काम

बेधड़क | जयपुर

श्रीराम के स्वागत के लिए भारत में उल्लास है। ऐसे में उनके आगमन के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। साथ ही एक दल अयोध्या के लिए रवाना किया गया है, जो अगले 3 महीने वहां रहकर काम करेगा। साथ ही, मंदिर को रोशनी से सजाया गया है और भक्तों के लिए 10 दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में 22 जनवरी को राम तारक यज्ञ आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक उत्सव के लिए रोज विघ्न विनाशक नरसिम्हा यज्ञ भी किया जा रहा है।




#### विशेष दल किया गया रवाना

अक्षय पात्र संस्था ने ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए एक विशेष सेवा दल को अयोध्या रवाना किया है। दल अगले 3 महीने अयोध्या में रहकर प्रसाद वितरण सेवा का काम करेगा। संस्था के कार्यक्रम समन्वयक रघुपति दास ने बताया कि दल अस्थाई रसोई से अयोध्या नगरी में प्रसाद बनाकर वितरण करेगा। ऐसे में राजस्थान की सभी ब्रांच से कर्मचारी नियुक्त कर दल का पहला जत्था रवाना किया गया है।

#### और सेवादल किए रवाना

दल को मंदिर से हर झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर जयघोष से पूरा माहौल गूंजायमान हो गया। दल को माला पहनाई गई और मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पोस्टर के साथ गाड़ियों को रवाना किया गया। आवश्यकतानुसार और सेवा दल रवाना किए जाएंगे।



प्रेम ही एक ऐसा भाव है जिसकी व्यंजना हँसकर भी की जाती है और रोकर भी।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप


## 2900 से अधिक फ्लाइट्स रद्द, अब तक चार की मौत

# अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

आर्कटिक की ओर से आने वाली जानलेवा ठंडी हवाओं के कारण अमेरिका के अधिकांश इलाकों का तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। बर्फीले तूफान के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों में चार लोगों की मौत हो गई। खराब मौसम के कारण सोमवार को 2900 से अधिक फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही देश के अधिकांश इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है और राष्ट्रीय फुटबॉल लीग को भी स्थगित करना पड़ा। मैरीलैंड के राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी जैक टेलर ने बताया कि रविवार सुबह उत्तरी और पूर्वोत्तर मोंटाना में तापमान -6.7 डिग्री सेल्सियस और -40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### कई शहरों में स्कूल बंद

खराब मौसम के कारण शिकागो, पोर्टलैंड, डेनवर, डलास जैसे शहरों में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है। टेक्सास में रिकार्ड न्यूनतम तापमान के कारण राज्य के बिजली संचालक कंपनी ने उपभोक्ताओं से ऊर्जा संरक्षण का आह्वान किया।

### वॉशिंगटन में भारी बर्फबारी की आशंका

मैरीलैंड के राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी जैक टेलर ने बर्फीले तूफान और कई शहरों में भारी बर्फबारी की आशंका जताते हुए लोगों से घर से बाहर निकलने से परहेज करने की सलाह दी। टेलर ने आगामी दो दिन देश की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भी भारी बर्फबारी की आशंका जताई है।

## मोसाद के मुख्यालय को बनाया निशाना, चार की मौत

# ईरान ने इराक पर दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

**एजेंसी** | अर्बिल (इराक)

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उन्होंने इराकी कुर्दिस्तान की राजधानी अर्बिल में मिसाइल हमला किया। यह हमला इजराइल की जासूसी एजेंसी मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाकर किया गया। हमले में प्रमुख व्यवसायी पेश्रा दिजायी समेत चार लोग मारे गए। स्टेट मीडिया ने सोमवार की रात इसकी जानकारी दी। इसमें बताया कि क्षेत्र में जासूसी केंद्रों और ईरानी विरोधी ताकतों को खत्म करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। हमले में जासूसी मुख्यालय और कई आतंकी ठिकाने नष्ट हुए हैं।



### 3 जनवरी को विस्फोट में मारे गए थे कई लोग

इससे पहले 3 जनवरी को, आत्मघाती हमलावरों ने करमान में आईआरजीसी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास विस्फोट किया था। इसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए। बाद में हमले की जिम्मेदारी आईएस ने ली थी। वहीं, दिसंबर में रस्क में एक पुलिस स्टेशन पर हमले में 11 ईरानी पुलिस अधिकारी मारे गए थे। जिहादी समूह जैश अल-अदल ने जिम्मेदारी ली थी। इस संगठन को 2012 में बनाया गया था। ईरान ने इसे आतंकवादी समूह के रूप में काली सूची में डाल दिया है।

### अमेरिका ने हमले पर जताया रोष

संयुक्त राज्य अमेरिका ने हमलों की निंदा की है और हमलों को लापरवाह करार दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका एरबिल में ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करता है और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। हम ईरान के लापरवाह मिसाइल हमलों का विरोध करते हैं, जो इराक की स्थिरता को कमजोर करते हैं।

## विमान में सवार 289 यात्री बचे बाल-बाल, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

# जापान एयरपोर्ट पर दो विमानों में टक्कर

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान के न्यू चिटोसे एयरपोर्ट पर मंगलवार को 289 यात्रियों को लेकर रनवे पर जा रहा कोरियाई विमान पहले से खड़े कैथे पैसिफिक विमान से टकरा गया। हालांकि हादसे में किसी के हताहत अथवा नुकसान होने की सूचना नहीं है। कोरियाई एयरलाइंस का विमान मंगलवार को उड़ान भरने के लिए रनवे पर जाते समय पहले से खाली खड़े कैथे पैसिफिक विमान से टकरा गया।

हालांकि हादसे के बाद आग अथवा ईंधन रिसाव की घटना सामने नहीं आई। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने कहा कि 289 लोगों को ले जा रहा एक कोरियाई एयर विमान उत्तरी जापान के न्यू चिटोस हवाई अड्डे के रनवे पर टैक्सी करते समय खड़े कैथे पैसिफिक विमान से टकरा गया, लेकिन इस घटना में विमानों में आग नहीं लगी और न ही कोई घायल हुआ है। गौरतलब है कि अभी दो सप्ताह पहले ही जापान के हानेडा एयरपोर्ट पर जापान एयरलाइंस के विमान और एक तटरक्षक विमान की टक्कर हो गई थी। हादसे में छोटे विमान में सवार चालक दल के छह सदस्यों में से पांच की मौत हो गई थी। हानेडा एयरपोर्ट पर हुए हादसे की जांच की जा रही है।






# एयरफोर्स पायलट बनीं मिस अमेरिका



**एजेंसी** | न्यूयार्क

अमेरिका में एयरफोर्स की पायलट मैडिसन मार्श ने मिस अमेरिका 2024 का खिताब जीत कर इतिहास रच दिया है। मैडिसन मार्श यह खिताब जीतने वाली पहली सक्रिय-ड्यूटी वायु सेना अधिकारी हैं। 22 वर्षीय मैडिसन मार्श को ताज पहनाया गया। अमेरिकी वायु सेना में सेकंड लेफ्टिनेंट मैडिसन ने ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में सौंदर्य प्रतियोगिता जीती।

# विवेक रामास्वामी नहीं लड़ेंगे राष्ट्रपति का चुनाव

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

भारतवंशी विवेक रामास्वामी इस साल अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर हो गए हैं। उन्होंने अपना नाम वापस लेते हुए डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी के समर्थन की घोषणा की है। भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी विवेक रामास्वामी ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का अपना फैसला बदला है। रामास्वामी ने फरवरी 2023 में अपनी उम्मीदवारी पेश की थी। उस समय वह अमेरिकी राजनीति के लिए नए थे, लेकिन बीते 11 महीनों में वह काफी हद तक रिपब्लिकन मतदाताओं का ध्यान खींचने में कामयाब रहे थे।

## इमरान खान का तंज

# SC और सेना नवाज शरीफ का अंपायर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ दो अंपायरों के समर्थन से चुनाव लड़ रहे थे और उनमें से एक ने हाल ही में इमरान खान की पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर निकालने के लिए नो-बॉल का संकेत दिया था।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा 8 फरवरी के चुनावों से पहले खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से उसका प्रतिष्ठित क्रिकेट बल्ला चुनाव चिह्न छीन लेने का परोक्ष संदर्भ देते हुए खान ने अपनी पार्टी को दरकिनार करने के लिए लंदन योजना को जिम्मेदार ठहराया।

तोषाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया से बात करते हुए खान ने कहा कि तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ हमेशा अपनी पसंद के अंपायरों के साथ मैच खेलते हैं।



### चुनाव आयोग के फैसले को रखा बरकरार

शीर्ष अदालत के तीन सदस्यीय पैनल ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के 22 दिसंबर के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पारदर्शी अंतर-पार्टी चुनाव कराने में विफल रहने के कारण पीटीआई पार्टी को उसके चुनाव चिह्न से वंचित कर दिया गया था। खान ने कहा कि हाल की घटनाएं जिन्होंने पीटीआई को दरकिनार कर दिया और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो शरीफ को राहत प्रदान की, वे लंदन योजना का हिस्सा थे, जिसके तहत उन्हें चुनाव के दौरान जेल में बंद कर दिया गया।

### फरवरी में चुनाव लड़ेगी इमरान खान की पार्टी

विवादों में घिरे पीटीआई के शीर्ष नेता बैरिस्टर गौहर खान ने कहा कि क्रिकेट बैट चुनाव चिह्न के बिना चुनाव लड़ने के लिए मजबूर होने के बावजूद उनकी पार्टी 8 फरवरी के चुनाव का बहिष्कार नहीं करेगी। गोहर ने कहा कि हम चुनावों का बहिष्कार नहीं करेंगे और ईश्वर की इच्छा से हम उनमें पूरी तरह से भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पीटीआई पार्टी तीन दिनों के भीतर संबंधित चुनाव चिह्न के साथ समर्थित उम्मीदवारों की एक सूची जारी करेगी।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl